विश्वकर्मा फर्नीचर
मो. 98261-32636,90987-54366,98274-96911

सोफा, दीवान, कुर्सी, पलंग, डाईनिंग टेबल, कार्यालय टेबल सहित सभी प्रकार के फर्नीचर के निर्माता एवं विक्रेता
सही दाम विश्वसनीयता का प्रतीक



# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com

कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2021-2023

वर्ष 34 अंक 339 | कोरबा, शनिवार, दिनांक 09 सितम्बर 2023 डाक 10 सितम्बर 2023 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए



आवश्यकता है
ज्वेलरी दुकान में काम करने के लिए अनुभवी सेल्समेन व सेल्स गर्ल की आवश्यकता है।
-: संपर्क करें :-
सुनालिया ज्वेलर्स
पावर हाउस रोड कोरबा


**विविधा**

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण नई दिल्ली में नाइजीरिया के वित्त मंत्री और अर्थव्यवस्था के समन्वय मंत्री अदेबायो ओलावले एडुन के साथ द्विपक्षीय बैठक के दौरान



**देश-विदेश**

जमीन पर गिराकर कनपटी पर सटाया कट्टा, जान से मारने की धमकी......



**कोरिया जिला**

एसईसीएल की खदानों पर चोरों की गिद्धदृष्टि प्रबंधन ने 20 टन कोयला जब्त किया



# सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास... विश्व को पीएम मोदी का मंत्र



**नईदिल्ली, 09 सितम्बर [एजेंसी]।**

राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली में 9 और 10 सितंबर को जी20 शिखर सम्मेलन का आयोजन हुआ है, जिसकी शुरुआत हो चुकी है। प्रगति मैदान के भारतीय मंडपम में इस बैठक का आयोजन किया गया है। इस सम्मेलन में पीएम नरेंद्र मोदी ने सभी विश्व नेताओं का स्वागत किया और सभी का संबोधन किया। उन्होंने इस दौरान कई बड़ी बातों का ऐलान किया है। अपने संबोधन की शुरुआत में उन्होंने सभी नेताओं का स्वागत किया।

पीएम मोदी ने अपने ओपनिंग स्टेटमेंट में जी20 में भारत के विजन को सबके सामने रखा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को अंतरराष्ट्रीय समुदाय से वैश्विक विश्वास की कमी को विश्वास और निर्भरता में बदलने का आह्वान किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि अब दुनिया को एक साथ मिलकर चलने का समय आ गया है। जी20 शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सबसे पहले अफ्रीकी यूनियन की सदस्यता का ऐलान किया। उन्होंने कहा कि सदस्यता पर सभी लोगों ने अपनी सहमति जताई है। अफ्रीकी यूनियन में कुल 55 देश शामिल हैं। दक्षिण अफ्रीकी के शामिल होने के बाद जी20, यूरोपियन संघ के बाद देशों का दूसरा सबसे बड़ा समूह बन गया है। उम्मीद है कि अफ्रीकी यूनियन के शामिल होने के बाद जी20 अब जी21 बन सकता है। इसके बाद कोमोरोस संघ के अध्यक्ष और अफ्रीकी संघ (एयू) के अध्यक्ष, अजाली असौमानी ने संघ के रूप में अपनी सीट ली और जी20 के स्थायी सदस्य बन गए। पीएम मोदी ने बताया, सबका साथ की भावना के साथ ही भारत ने प्रस्ताव दिया था कि अफ्रीकी संघ को जी20 की स्थायी सदस्यता दी जाए। मेरा मानना है कि इस प्रस्ताव पर हम सभी सहमत हैं। आप सभी की सहमति से, मैं अफ्रीकी संघ के अध्यक्ष को जी20 के स्थायी सदस्य के रूप में अपना स्थान ग्रहण करने के लिए आमंत्रित करता हूं।पीएम मोदी ने अपने संबोधन में कहा, वैश्विक अर्थव्यवस्था में उथल-पुथल हो, उत्तर और दक्षिण का विभाजन हो, पूर्व और पश्चिम की दूरी हो, खाद्य पदार्थ, ईंधन और उर्वरक का मैनेजमेंट हो, आतंकवाद और साइबर सिक्योरिटी हो, स्वास्थ्य, ऊर्जा एवं जल सुरक्षा हो, वर्तमान के साथ ही आने वाली पीढ़ियों के लिए हमें इन चुनौतियों के ठोस समाधान की तरफ बढ़ना ही होगा।

## जी 20: राष्ट्रपति ने मेहमानों का स्वागत करते हुए शिखर सम्मेलन की सफलता को दी शुभकामनाएं



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जी-20 शिखर सम्मेलन के लिए भारत आए जी 20 देशों के सभी प्रतिनिधिमंडलों के प्रमुखों, अतिथि देशों और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों का हार्दिक स्वागत किया है। राष्ट्रपति ने समावेशी और व्यक्ति आधारित विकास के लक्ष्य को पूरा करने की कामना के साथ 18वें जी20 शिखर सम्मेलन की सफलता के लिए अग्रिम शुभकामनाएं भी दी है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने एक्स कर भारत आए मेहमानों का स्वागत करते हुए लिखा, नई दिल्ली में 18वें जी 20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने वाले जी 20 देशों के सभी प्रतिनिधिमंडलों के प्रमुखों, अतिथि देशों और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों का हार्दिक स्वागत है। राष्ट्रपति ने जी-20 शिखर सम्मेलन की सफलता की कामना करते हुए और अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए आगे कहा, भारत की जी 20 प्रेसीडेंसी थीम, वसुधैव कुटुंबकम - एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य, टिकाऊ, समावेशी और मानव-केंद्रित विकास के लिए एक वैश्विक रोडमैप है। मैं जी 20 शिखर सम्मेलन के प्रतिभागियों को इस दृष्टिकोण को साकार करने की दिशा में उनके प्रयासों में सफलता की कामना करती हूं।

## भारत में वांछित आतंकी अबू कासिम पाक अधिकृत कश्मीर में ढेर, ढांगरी हमले का था मुख्य साजिशकर्ता

**जम्मू , 09 सितम्बर [एजेंसी]।**



भारत में वांछित एक आतंकवादी को शुक्रवार को पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में एक मस्जिद के अंदर अज्ञात बंदूकधारियों ने गोली मार दी। इस साल सीमा पार से सक्रिय किसी शीर्ष आतंकवादी कमांडर की यह चौथी हत्या है।

प्रतिबंधित लश्कर-ए-तैयबा से संबद्ध रियाज अहमद उर्फ अबू कासिम एक जनवरी को ढांगरी आतंकी हमले के मुख्य साजिशकर्ताओं में से एक था। राजौरी जिले के ढांगरी गांव में आतंकवादियों द्वारा की गई अंधाधुंध गोलीबारी में सात लोगों की मौत हो गई थी और 13 घायल हो गए थे।

## मोरक्को में 6.8 तीव्रता का जबरदस्त भूकंप 296 से ज्यादा की मौत, सैकड़ों घायल



**मोरक्को , 09 सितम्बर [एजेंसी]।**

मोरक्को में कल देर रात जबरदस्त भूकंप के झटके महसूस किए गए। इस भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पैमाने पर 7.1 मापी गई है। मोरक्को के गृह मंत्रालय ने बताया कि भूकंप की वजह से अब तक कम से कम 296 लोगों की मौत हुई है, वहीं 153 घायल हैं। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, भूकंप से मरने वालों का आंकड़ा अभी काफी बढ़ सकता है। भूकंप की जानकारी रखने वाली मोरक्को की संस्था ने भूकंप की तीव्रता को सात के पार बताया है।

अमेरिकी जियोलॉजिकल सर्वे के मुताबिक, भूकंप का केंद्र पर्यटन के लिए मशहूर मरक्केश शहर से 71 किमी दूर दक्षिण-पश्चिम में 18.5 किमी की गहराई में रहा। यहां झटके स्थानीय समयानुसार देर रात करीब 11.11 बजे महसूस किए गए। कुछ देर बाद ही इन जगहों पर भूकंप के ऑफ्टरशॉक भी महसूस किए गए जिनकी तीव्रता 4.9 मापी गई है। मोरक्को के गृह मंत्रालय के मुताबिक, इस भूकंप से सबसे ज्यादा नुकसान शहर के बाहर पुरानी बस्तियों को हुआ है। मोरक्को कई नागरिकों ने इससे जुड़े वीडियो और तस्वीरें भी सोशल मीडिया पर डाली हैं, जिनमें इमारतों को ध्वस्त होने के बाद धूल के गुबार में बदलते देखा जा सकता है। खासकर मरक्केश में जिसे यूनेस्को की तरफ से विश्व धरोहर स्थल का दर्जा मिला है। यहां कई पर्यटकों ने भूकंप के बाद जान बचाने के लिए भागते और चिल्लाते लोगों के वीडियो भी पोस्ट किए हैं।

### पीएम मोदी ने मोरक्को भूकंप में लोगों की मौत पर जताया शोक



*नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को मोरक्को में आए भीषण भूकंप में जानमाल के नुकसान पर शोक व्यक्त किया। उन्होंने उत्तरी अफ्रीकी देश को सहायता की भी पेशकश की। मोदी ने एक्स पर पोस्ट किया, मोरक्को में भूकंप के कारण जानमाल के नुकसान से बेहद दुखी हूं। इस दुखद घड़ी में, मेरी संवेदनाएं मोरक्को के लोगों के साथ हैं। जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खोया है, उनके प्रति संवेदनाएं। घायल जल्द से जल्द ठीक हो जाएं। इस कठिन समय में मोरक्को को हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए भारत तैयार है। कल देर रात मध्य मोरक्को में आए 6.8 तीव्रता के शक्तिशाली भूकंप में कम से कम 296 लोग मारे गए और दर्जनों घायल हो गए।*

### घोसी में मिली हार पर ये क्या बोल गए योगी के मंत्री, भाजपा नेता पर दिया बड़ा बयान

**प्रयागराज।** घोसी विधानसभा उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी की करारी हार के बाद अब पार्टी नेताओं की प्रतिक्रिया भी सामने आने लगी है। अब प्रदेश के मत्स्य विभाग के मंत्री डा. संजय निषाद ने कहा कि घोसी उपचुनाव प्रत्याशी के चेहरे पर लड़ा जाता है। वहां के 40 गांव में हमारे मतदाता थे। हमने 80 प्रतिशत से अधिक मतदान प्राप्त किया है, तीन अन्य गांव में भाजपा के एक नेता की गलत बयानबाजी का गलत असर हुआ है। हम भजापा आलाकमान से इसकी शिकायत करेंगे। सर्किट हाउस में पत्रकारों से बातचीत में तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बेटे उदयनिधि स्टालिन व सांसद ए. राजा द्वारा सनातन धर्म पर विवादित बयान की संजय निषाद ने निंदा की। उन्होंने कहा कि सात सौ वर्षों तक तलवार के दम पर सनातन धर्म को मिटाने के लिए आए थे मुगल मिट गए। अग्रेजों ने तीन सौ वर्ष तक तोप-बंदूक से सनातन को मिटाने का प्रयास किया, वह भी चले गए। यह प्रमाण है कि सनातन को मिटाने वाले खुद मिट जाते हैं।

## पूर्व सीएम चंद्रबाबू नायडू की गिरफ्तारी पर सियासी उबाल, विरोध में सड़क पर उतरी टीडीपी



**अमरावती, 09 सितम्बर [एजेंसी]।**

आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और तेलुगु देशम पार्टी प्रमुख एन चंद्रबाबू नायडू की गिरफ्तारी के बाद से सियासी घमासान मच गया है। पार्टी कार्यकर्ता टीडीपी नेता सड़कों पर जमकर विरोध प्रदर्शन कर रहे है। कहीं, सड़कों पर टायर जलाए गए तो कहीं, कार्यकर्ता सड़कों पर बैठकर धरना प्रदर्शन दे रहे है। चंद्रबाबू नायडू को आपराधिक जांच विभाग ने शनिवार सुबह गिरफ्तार किया। यह गिरफ्तारी कथित भ्रष्टाचार के मामले में की गई है। आज सुबह पुलिस अधिकारियों की टीम जब टीडीपी नेता को हिरासत में लेने के लिए पहुंची तो नंद्याल में जबरदस्त हंगामा हुआ।

पार्टी नेताओं ने दावा किया है कि, पुलिस चंद्रबाबू को ओरवाकलएयरपोर्ट से फ्लाइट के जरिए विजयवाड़ा ले जाएगी। हालांकि, चंद्रबाबू ने अपनी इस गिरफ्तारी पर कड़ी आपत्ति जताई है। उनका मानना है कि यह गिरफ्तारी बिना किसी आरोपों के सबूत दिखाए बिना की गई है। चंद्रबाबू ने कहा कि सबूत पेश किए जाने पर ही वह कानून का सहयोग करेंगे। एन चंद्रबाबू नायडू की अवैध गिरफ्तारी के खिलाफ तेलुगु देशम पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने तिरुपति के अन्नपूर्णा सरुकुलु केंद्र में विरोध प्रदर्शन किया। वहीं, चंद्रबाबू नायडू के बेटे नारा लोकेश ने भी सीआईडी द्वारा अपने पिता की गिरफ्तारी के बाद विरोध प्रदर्शन कर नाराजगी जाहिर की है। नायडू के वकील के मुताबिक, गिरफ्तारी से पहले CID ने नायडू को मेडिकल जांच के लिए ले जाया गया। उन्हें हाई ब्लड प्रेशर और शुगर है। वकील ने कहा, हम जमानत के लिए उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटा रहे हैं। पुलिस हिरासत में जाने से पहले राज्य के पूर्व सीएम और टीडीपी प्रमुख चंद्रबाबू नायडू ने कहा, मैंने कोई कदाचार या भ्रष्टाचार नहीं किया है।

सीआईडी ने बिना किसी उचित जानकारी के मुझे गिरफ्तार कर लिया और मैंने उनसे सबूत दिखाने के लिए कहा, लेकिन उन्होंने सबूत दिखाने से इनकार कर दिया और मेरी भूमिका के बिना मेरा नाम एफआईआर में जोड़ दिया। चंद्रबाबू नायडू को हिरासत में ले जाने के बीच टीडीपी कार्यकर्ताओं और पुलिस कर्मियों के बीच हल्की झड़प भी हुई। राज्य पुलिस ने राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति बनाए रखने के लिए एहतियाती कार्रवाई के तौर पर टीडीपी नेता और पार्टी प्रमुख एन चंद्रबाबू नायडू के बेटे नारा लोकेश को पूर्वी गोदावरी जिले में हिरासत में लिया। टीडीपी नेताओं ने वरिष्ठ नेता के खिलाफ देर रात की कार्रवाई के लिए पुलिस की आलोचना की।

### पुंछ में एलओसी के पास बीएसएफ का जवान लापता



**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास से सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) का एक जवान कथित तौर पर लापता हो गया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। बिहार का रहने वाला बीएसएफ जवान नियंत्रण रेखा के बालाकोट सेक्टर में भरनी फॉरवर्ड पोस्ट पर सामान्य ड्यूटी पर था, जब वह क लापता हो गया। उन्होंने बताया कि तलाशी अभियान चलाया गया, लेकिन जवान का पता नहीं चल सका और लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

## याचिकाकर्ता को तुरंत रिहा किया जाए हत्या मामले में सुप्रीम कोर्ट का आदेश

**नईदिल्ली, 09 सितम्बर [एजेंसी]।**



सुप्रीम कोर्ट ने हत्या के मामले में 12 साल से अधिक समय से जेल में बंद एक व्यक्ति को रिहा करने का आदेश दिया है, क्योंकि अदालत को पता चला कि अपराध के समय वह किशोर था। न्यायमूर्ति बी.आर. गवई, पी.एस. नरसिम्हा और संजय कुमार की पीठ ने आजीवन कारावास की सजा काट रहे एक दोषी द्वारा दायर एक रिट याचिका पर विचार के बाद यह फैसला दिया, जिसमें पोक्सो अधिनियम, 2000 के प्रावधानों के अनुसार किशोर होने के अपने दावे के सत्यापन की मांग की गई थी। शीर्ष अदालत के निर्देश के अनुसार अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश द्वारा तैयार की गई एक रिपोर्ट में यह सामने आया कि याचिकाकर्ता की जन्मतिथि 2 मई 1989 है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा, यदि याचिकाकर्ता की जन्म तिथि 2 मई 1989 है, तो वह अपराध की तारीख, यानी 21 दिसंबर 2005 को 16 साल 7 महीने का था। इसमें कहा गया कि कानून के मुताबिक, याचिकाकर्ता तीन साल से अधिक हिरासत में नहीं रह सकता। चूँकि हमारे समक्ष वर्तमान रिट याचिका में पहली बार किशोरवयता की दलील उठाई गई है, 2005 में शुरू हुई आपराधिक कानून की प्रक्रिया के कारण याचिकाकर्ता को दोषी ठहराया गया और ट्रायल कोर्ट, उच्च न्यायालय और उच्चतम न्यायालय ने भी उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

### ट्रक हाईटेंशन तार के संपर्क में आया, 2 की मौत

***चामराजनगर।** कर्नाटक के चामराजनगर जिले के गुंडल के पास शनिवार को गन्ने से भरे एक ट्रक के हाईटेंशन तार के संपर्क में आने से दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, ट्रक के ड्राइवर और क्लीनर की मौके पर ही मौत हो गई। हाईटेंशन तार की ऊंचाई का ध्यान रखे बगैर गन्ना लाद दिया गया। कोलेगल पुलिस मौके पर पहुंच गई है और मृतकों की अभी तक पहचान नहीं हो पाई है।*


**स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक**

**चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार**

डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS
(Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
Mob.9424170010

-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30
(शाम को बंद )

डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894

सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथैरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथैरेपी का ईलाज।

मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)

विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...

पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा


## जन्मदिन पर महाकाल दरबार पहुंचे अभिनेता अक्षय कुमार, क्रिकेटर शिखर धवन भी दिखे साथ

**उज्जैन, 09 सितम्बर [एजेंसी]।**



अभिनेता अक्षय कुमार शनिवार को महाकाल दरबार पहुंचे। अभिनेता अपने जन्मदिन के मौक पर परिवार सहित बाबा महाकाल के दर्शन करने यहां पहुंचे। इस दौरान उनके साथ ही भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाड़ी शिखर धवन भी महाकाल दरबार में दिखे। विश्व प्रसिद्ध श्री महाकाल मंदिर के पुजारी पंडित आशीष गुरु ने बताया कि फिल्म अभिनेता अक्षय कुमार अपने जन्मदिन पर परिवार सहित बाबा महाकाल के दर्शन करने भस्म आरती में आए हैं, जहां नंदी हॉल से उन्होंने बाबा महाकाल कि इस दिव्य भस्म आरती के दर्शन किए और बाद में गर्भग्रह के बाहर से भगवान महाकाल का पूजा अर्चना की। इस दौरान उनके साथ बेटा आरव, भांजी सिमर और बहन अलका हीरानंदानी भी मौजूद रहीं। आज सुबह भस्म आरती के दौरान फिल्म ने अभिनेता अक्षय कुमार बाबा महाकाल की भक्ति में इतने लीन हो गए की भोले शंभू भोलेनाथ के जयकारों पर नाचने गाने लगे वे तालियां बजा बजाकर नृत्य करने लगे। इस दौरान एक खास बात यह भी रही की अभिनेता अक्षय कुमार और उनका बेटा आरव परंपरागत वेशभूषा मे शोला पहने नजर आए। अभिनेता अक्षय कुमार ने भस्म आरती में बाबा महाकाल के दिव्य दर्शनों का लाभ तो लिया ही लेकिन इसके साथ ही उन्होंने मंदिर के पुजारी पं. आशीष गुरु से यहां की परंपराओं की जानकारी भी ली। याद रहे कि अभिनेता अक्षय कुमार इसके पहले भी बाबा महाकाल के दरबार में कई बार आ चुके हैं, लेकिन आज जन्मदिन पर वे सिर्फ और सिर्फ बाबा महाकाल की भक्ति में लीन दिखाई दिए। जहां उन्होंने बाबा महाकाल से अपनी आने वाली फिल्म मिशन रानीगंज की सफलता की कामना भी की। भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाड़ी शिखर धवन भी आज बाबा महाकाल के दर्शन करने भस्म आरती में मंदिर पहुंचे थे जहां वह सफेद कलर के शोले में दिखाई दिए उन्होंने बाबा महाकाल के दर्शन व पूजन करने के साथ ही बाबा महाकाल से वर्ल्ड कप में टीम इंडिया की विजयश्री की कामना की। आज सुबह भस्म आरती के दौरान जब श्रद्धालुओं फिल्म अभिनेता अक्षय कुमार और भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाड़ी शिखर धवन को अपने बीच पाया तो वह खुश हो गए। वैसे श्रद्धालुओं को शिखर धवन और अक्षय कुमार तक तो पहुंचने नहीं दिया गया फिर भी उनके चेहरे पर एक अलग ही खुशी नजर आ रही थी।

# आयोग की कोशिश से एक हुए तीन परिवार




**कोरबा ।** छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक एवं सदस्य श्रीमती अर्चना उपाध्याय ने आज जिला कलेक्टर कोरबा सभा कक्ष में महिला उत्पीड़न से संबंधित प्रकरणों पर जन सुनवाई की। छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग के अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक की अध्यक्षता में आज 223 वीं एवं कोरबा जिला की 6वीं सुनवाई हुई। कोरबा जिले में आज आयोजित जन सुनवाई में कुल 25 प्रकरण सुनवाई की गई।

आज के सुनवाई के दौरान एक प्रकरण में 09 साल से अलग रह रहे पति पत्नी का आपस में रिश्ता जुड़ा। आयोग के समझाईश के बाद पति-पत्नी अपने तीनो बच्चों के साथ रहने को तैयार हो गये। आयोग द्वारा जिला बाल संरक्षण अधिकारी को 1 साल तक निगरानी का आदेश देते हुए प्रकरण नस्तीबद्ध किया गया। इसी प्रकार एक अन्य प्रकरण में आवेदिका आरक्षक है जिसने दो आरक्षकों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी और सुनवाई में आवेदिका सूचना मिलने पर भी अनुपस्थित रही। अनावेदक गणों द्वारा एफआईआर दर्ज होने के संबंधित दस्तावेज पेश करने पर आयोग में प्रकरण चलाना संभव नहीं है इस वजह से प्रकरण नस्तीबद्ध किया गया। अन्य प्रकरण में आवेदिका ने अपने पति देवर और ससुराल वालो के खिलाफ न्यायालय में 379 377, 498 दहेज प्रताड़ना एवं 125 भरण पोषण का मामला न्यायालय में दर्ज कराई है। दोनो पक्षो में सुलहनामा की कोई गुंजाइश नहीं है। आवेदिका को भरण पोषण मिल रहा है। मामला न्यायालय में चलने की वजह से आयोग में सुनवाई असंभव है। इस वजह से आयोग ने प्रकरण नस्तीबद्ध किया।

अन्य प्रकरण में अनावेदक द्वारा फोन पर आवेदिका को धमकी देने की शिकायत आयोग में दर्ज कराया गया जिसमें अनावेदक आज सुनवाई में अनुपस्थित था। आयोग ने शीघ्र सुनवाई हेतु प्रकरण रायपुर स्थानांतरण किया। भिलाई सेक्टर 6 के थाना प्रभारी को आयोग द्वारा आदेश दिया गया की अनावेदक को अगली सुनवाई में एस.आई. के माध्यम से उपस्थिति सुनिश्चित किया जाये। अन्य प्रकरण में आवेदिका द्वारा घरेलू हिंसा का प्रकरण न्यायालय में चलने के बावजूद आयोग में शिकायत दर्ज कराई थी। अनुपपुर पुलिस के माध्यम से अनावेदकगणों का उपस्थिति सुनिश्चित कराया गया। आवेदिका अनुपस्थित रही प्रकरण न्यायालय में चलने के वजह से आयोग ने नस्तीबद्ध किया। अन्य प्रकरण में अनावेदकगण उपस्थित रहें आवेदिका द्वारा भोपाल मध्यप्रदेश के महिला थाना में 498 दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज करायी है और आज की सुनवाई में अनुपस्थित रही। मामले में एफ.आई.आर दर्ज होने से आयोग ने प्रकरण नस्तीबद्ध किया। अन्य प्रकरण में अनावेदक 1 और 2 उपस्थित अनावेदकगणों द्वारा बताया गया कि आवेदिका से सुलहनामा हो गया है लेकिन आवेदिका की अनुपस्थिति की वजह से प्रकरण समाप्त नहीं किया गया, आयोग ने समझाइश दिया कि आवेदिका अपने हाथ से लिख कर जब आयोग में सुलहनामा आवेदन प्रस्तुत करेगी तब प्रकरण नस्तीबद्ध किया जायेगा। अन्य प्रकरण में आवेदिका अनुपस्थित थी, अनावेदकगण द्वारा बताया गया कि न्यायालय में 107/16 का प्रकरण चलाया गया, जो समाप्त हो चुका है। जिसमें प्रमाणित प्रतिलिपि प्रस्तुत करने पर आयोग प्रकरण नस्तीबद्ध करेगा। अन्य प्रकरण में आवेदिका उपस्थित थी अनावेदक अनुपस्थित था। आवेदिका ने बताया कि उसका पति का दूसरी महिला से अवैध संबंध है और वह भरण पोषण का पैसा नहीं देता है। जिसको आयोग ने एस.आई. के माध्यम से आगामी सुनवाई हेतु रायपुर में उपस्थिति दर्ज कराने का निर्देश दिया।

# जीपीएफ से जुड़े प्रकरणों का समाधान होगा शिविर में

**कोरबा।** कोरबा जिला के अंतर्गत विभिन्न शासकीय कर्मचारियों के जीपीएफ में प्रदर्शित होने वाले ऋणात्मक शेष के निराकरण हेतु महालेखाकार रायपुर से 13 ,14 ,15 सितंबर को तीन दिवसीय शिविर का आयोजन जिला कोषालय कोरबा में किया गया है। वरिष्ठ कोषालय अधिकारी श्री पी आर महादेवा ने बताया कि जिन कर्मचारियों का ऋणात्मक शेष प्रदर्शित हो रहा है, उनके पासबुक एवं अन्य संबंधित दस्तावेज सहित शिविर में उपस्थित होने हेतु समस्त आहरण अधिकारियों को सूचित किया गया है। विशेषकर विकासखंड शिक्षा अधिकारी पोड़ी उपरोड़ा, विकासखंड शिक्षा आधिकारी करतला, विकासखंड शिक्षा अधिकारी कटघोरा के ज्यादा प्रकरण है। समस्त डीडीओ को सूचित करने के साथ-साथ यह निर्देशित किया गया है कि संबंधित अभिदाता को भी शिविर में अनिवार्यता उपस्थित करने हेतु सूचित करें। ऋणात्मक शेष वाले अभिदाताओं की सूची समस्त संबंधित आहरण अधिकारियों को प्रेषित की गई है ।

# दही हांडी स्पर्धा में उत्साह के साथ कई टीमों ने हिस्सा लेकर पुरस्कार जीतें



**कोरबा।** भगवान कृष्ण के जन्मोत्सव को श्रीराम दरबार परिसर में भारी उत्साह के साथ मनाया गया। एक बार फिर श्रीराम दरबार को अभूतपूर्व सजाया गया था और लोगों की हुजूम उमड़ पड़ी थी। दही हांडी स्पर्धा की रोचक प्रतिस्पर्धा देखते ही बनती थी। दही हांडी फोड़ने कोरबा सहित अन्य जिलों की टीम आई थीं और इस स्पर्धा में 16 टीमों ने भाग लेकर परिसर में रोमांच पैदा कर दिया। दही हांडी फोड़ने सभी टीमों ने अपना-अपना सामर्थ्य दिखाया और अंत में बजरंगी भाईजान आमापाली सक्ती ने सभी टीमों को पछाड़ कर प्रतियोगिता में अव्वल रही। आयोजक गण श्रीराम दरबार मंदिर ट्रस्ट के सदस्यों ने विजेता टीम को 51 हजार रूपये का नगद पुरूस्कार दिया। प्रतियोगिता में कृष्णा टीम अंडीकछार ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया और आयोजक सदस्यो नें इस टीम को 31 हजार के नगद पुरस्कार से नवाजा। बाकी सभी अन्य 14 टीमों को सांत्वना पुरूस्कार देकर हौसला बढ़ाया और उन्हें सांत्वना राशि 2500-2500 रूपये का नगद पुरूस्कार दिय गया, क्योकि सभी टीमों नें इस प्रतियोगिता में अपने सामर्थ्य से सबको रोमांचित किया। बच्चे राधा कृष्ण बनकर परिसर में घूमघूम कर लोगों का मन मोह रहे थे।

### लड्डू गोपाल की झांकी आकर्षण का केन्द्र रही

श्रीराम दरबार परिसर में भगवान कृष्ण का जन्मोत्सव मनाने 3 दिन पूर्व से ही तैयारी की जा रही थी। परिसर में लड्डू गोपाल को झूले में भव्य रूप से सजाया गया था और 12 बजते ही कृष्ण के आगमन पर फूलों की होली खेली गई और कृष्ण के जन्म पर लड्डू गोपाल को श्रद्धालुओं ने झूला झूलाकर पूजा अर्चना की।

### सपरिवार जयसिंह अग्रवाल ने की पूजा अर्चना

कोरबा विधायक एवं राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल सपरिवार भगवान कृष्ण के जन्मोत्सव को सफल बनाने पूरे समय रहे और पूरी व्यवस्था को निगरानी रखी। सपरिवार जयसिंह अग्रवाल ने पूजा अर्चना कर पूरे प्रदेश की खुशहाली और समृद्धि की मंगल कामना के साथ लड्डू गोपाल से आशीर्वाद मांगा और उपस्थित जनों को शुभकामनाएं दी। एक बार फिर रामदरबार में कृष्ण जन्मोत्सव पर अद्भूत नजारा दिख रहा था।

### खेतों को संजीवनी दी कृष्ण जन्माष्टमी ने

श्रीराम दरबार में कृष्ण जन्मोत्सव अपने शबाब पर था और भगवान कृष्ण की महिमा ही कहें कि उत्सव प्रारंभ होते ही आसमान में घटाटोप अंधेरा आने लगा और जमकर बरसात होने लगीं। यह बारिश पूरे जिले में होती रही और प्यासे खेतो की प्यास बूझी। असिंचिंत क्षेत्रों के खेतो में दरारें पड़ने लगी थी लेकिन कृष्ण जन्माष्टमी में हुई बारिश ने सूखती फसलों को नई संजीवनी दे गई।

# स्ट्रांग रूम व मतगणना कक्ष की स्थिति देखी प्रतिनिधियों ने



**कोरबा ।** निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आगामी विधान सभा निर्वाचन 2023 के लिए कोरबा जिले के विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 20 रामपुर , 21-कोरबा, 22-कटघोरा तथा 23 पाली तानाखार के लिए ई. व्ही. एम. मशीनों को सुरक्षित रखने हेतु स्ट्रॉग रूम, मतगणना रूम, तथा मतदान दल को सामग्री वितरण स्थल, मतदान दल से चुनाव उपरांत सामान की वापसी, तथा निर्वाचन पश्चात् पुनः ई व्ही एम मशीनों को स्ट्रांग रूम में सुरक्षित रखने हेतु चयनित आईटी कॉलेज झगरहा के ब्लॉक बी एवं ब्लॉक सी को आरक्षित किया गया है । कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सौरभ कुमार के मार्गदर्शन में उप जिला निर्वाचन अधिकारी कोरबा सुश्री सीमा पात्रे द्वारा राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों को विधानसभा निर्वाचन 2023 हेतु चिन्हांकित आईटी कॉलेज का आज प्रातः 11 बजे निरीक्षण कराया गया। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा राजनीतिक पार्टी के पदाधिकारियों को विधानसभा निर्वाचन 2023 की प्रारंभिक तैयारी एवं चिन्हांकित स्ट्रांग रूम का निरीक्षण और निर्धारित बिंदुओं को अवगत कराते हुये स्थल का परीक्षण कराया गया। उन्हें आई.टी. कॉलेज झगरहा के ब्लॉक सी का विधानसभावार 04 स्ट्रांग रूम हेतु चिन्हांकित कक्ष का अवलोकन, ईव्हीएम मशीनों का कमीशनिंग उपरांत विधानसभावार पृथक स्ट्रांग रूम में ईवीएम मशीनों का संग्रहण स्थल से अवगत कराया गया। उन्हें ब्लॉक बी में मतदान दलों को सामग्री वितरण तथा मतदान उपरांत सामग्री की वापसी स्थल का अवलोकन कराया गया। जिसमें विधानसभावार सामग्री वितरण हेतु पृथक-पृथक काउंटर रखे जाने की जानकारी देते हुए स्थल का अवलोकन कराया गया तथा मतदान उपरांत सामग्री उसी काउंटर से वापस जमा कराए जाने की जानकारी दी गई। मतदान उपरांत प्राप्त ईव्हीएम मशीनों को विधान सभावार पृथक-पृथक निर्मित स्ट्रांग रूम में मशीनों को सुरक्षित रखने हेतु चयनित स्ट्रांग रूम, मतगणना हेतु विधानसभावार चिन्हांकित कक्ष का अवलोकन कराया गया। अवलोकन के दौरान मतगणना अधिकारी कर्मचारी, तथा मतगणना हेतु नियुक्त एजेंटों के आने जाने का रास्ता का अवलोकन कराया गया। इस दौरान अपर कलेक्टर श्री प्रदीप साहू सहित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## अब तक 800.7 मिलीमीटर औसत वर्षा

कोरबा। जिले में 01 जून से अब तक 800.7 मिमी औसत वर्षा हो चुकी है। जिले में बीते 10 वर्षों की तुलना में 07 सितंबर तक औसत वर्षा 980.7 मिमी हुई है। बीते 24 घंटो में 17.0 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून से अब तक तहसील कोरबा में 818.6 मिमी, भैंसमा में 880.0 मिमी, करतला में 839.4 मिमी, कटघोरा में 880.4 मिमी, दर्री में 911.0 मिमी, पाली में 690.2 मिमी, हरदीबाजार में 651.2 मिमी, पोड़ी-उपरोड़ा में 779.2 मिमी एवं पसान में 756.0 मिमी वर्षा हो चुकी है। अब तक सर्वाधिक वर्षा दर्री तहसील में दर्ज की गई है।

# साक्षरता दिवस पर हुए कार्यक्रम

**कोरबा ।** कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण के मार्गदर्शन में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं उपाध्यक्ष जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण तथा जिला शिक्षा अधिकारी व सचिव जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण के दिशा-निर्देश में जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण द्वारा जिले में 1 से 7 सितम्बर तक आयोजित साक्षरता सप्ताह के अंतर्गत विभिन्न स्थानों में कार्यक्रम आयोजित किया गया।जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण की जिला परियोजना अधिकारी ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर आज शासकीय हाई स्कूल गोपालपुर में साक्षरता रैली निकालकर शिक्षा के महत्व को बताया गया। साथ ही साक्षरता ध्वज के ध्वजारोहण भी किया गया। इसी प्रकार इंडस पब्लिक स्कूल दीपका में चित्रकला, निबंध एवं साक्षरता रैली कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।





# युवा कैरियर निर्माण के लिए मार्गदर्शन

**कोरबा ।** युवा कैरियर निर्माण योजना अंतर्गत प्री. मेडिकल एवं प्री इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा की तैयारी हेतु अभ्यर्थियों का प्राक्चयन परीक्षा 10 सितंबर 2023 दिन रविवार को दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक रायपुर के सड्डू, उरकुरा मार्ग स्थित प्रयास बालक आवासीय विद्यालय में आयोजित किया गया है।

सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कोरबा से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्री. मेडिकल एवं प्री इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा की तैयारी हेतु अभ्यर्थियों से जिला स्तर पर आवेदन आमंत्रित किया गया था। जिलों से परीक्षण उपरांत पात्र पाए गए अभ्यर्थियों का प्राक्चयन परीक्षा 10 सितंबर 2023 को आयोजित किया गया है। सहायक आयुक्त ने जिले के सभी अभ्यर्थियों को सूचित किया है कि वे विभागीय वेबसाईट 222.ह्लह्वद्बड्डद्य.ष्द्द.द्द१1.द्बठ्ठ के माध्यम से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। साथ ही अभ्यर्थियों से प्रवेश पत्र में अपना रोल नंबर, स्वयं सत्यापित फोटो तथा संपूर्ण विवरण भरकर परीक्षा केन्द्र पर अनिवार्य रूप से उपस्थित होने का आग्रह किया है।

# रेत का अवैध परिवहन करते उप सरपंच का ट्रेक्टर पकड़ाया

**कटघोरा।** विकासखण्ड में अनेकों रेत घाट है। लेकिन अभी बारिश में रेत उत्खनन पर खनिज विभाग द्वारा प्रतिबंध लगाया गया है। लेकिन इन सबके बावजुद रेत माफिया अवैध उत्खनन करने से बाज़ नही आ रहे हैं। अभी दो दिन पूर्व कटघोरा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व ऋचा सिंह व उनकी टीम द्वारा कसरेंगा क्षेत्र में अवैध उत्खनन पर बड़ी कार्यवाही करते हुए 7 ट्रैक्टरों के रेत घाट में मौके पर जप्त किया था। उसके बाद खनिज विभाग अपनी घोर निद्रा से जागते हुए आज खनिज विभाग ने सर्चिंग के दौरान सिंघाली खादान के समीप एक रेत से भरा ट्रेक्टर को जप्त किया। ट्रेक्टर चालक से जांच के दौरान कोई भी दस्तावेज नही पाया गया। ट्रेक्टर चालक ने बताया कि ट्रेक्टर ग्राम पंचायत ढपढप के उपसरपंच द्वारिका प्रसाद यादव का है। फिलहाल खनिज विभाग की टीम ने अवैध उत्खनन को लेकर मॉइनिंग एक्ट के तहत कार्यवाही की।यहां पर एक फिल्मी डायलॉग ठीक साबित होता है जिनके घर शीशे के होते है, वो दूसरों के घरों में पत्थर नही फेंका करते जी हां हम बात कर रहे हैं ग्राम पंचायत ढपढप के उपसरपंच द्वारिका प्रसाद यादव की, यहां के उपसरपंच अक्सर शिकायत करते नज़र आते है कि कसरेंगा रेत घाट से अवैध रेत उत्खनन किया जा रहा है। कसरेंगा, ढ़पढ़प ग्राम पंचायत में उप सरपंच द्वारिका प्रसाद यादव के द्वारा कुछ दिनों पूर्व 60,70 पुरुष,महिलाओं को लेकर बाकी थाना परिसर में अवैध परिवहन को लेकर काफी हो हल्ला मचाया था । लेकिन अब स्वयं भी इसी कृत्य मैं शामिल होकर अवैध रेत उत्खनन कर रेत परिवहन के काम को अंजाम दिया जा रहा है। यह पहली बार नही है बल्कि यहां के स्थानीय निवासियों ने बताया कि उपसरपंच के द्वारा लगातार क्षेत्र में अवैध उत्खनन का कार्य ट्रेक्टर के द्वारा किया जाता है। देखने वाली बात यह है कि उप सरपंच द्वारिका प्रसाद यादव के द्वारा दूसरे के ऊपर रेत की चोरी एवं अवैध परिवहन का आरोप कुछ दिनों पूर्व में लगाया था मगर आज खुद उप सरपंच अपने अवैध कार्यों को अंजाम दे रहा है। खैर ग्राम पंचायत ढपढप के उपसरपंच द्वारिका प्रसाद यादव के ट्रेक्टर पर कार्यवाही होने से आसपास के क्षेत्र में चर्चा का विषय बना रहा।

# भू-विस्थापित निकालेंगे मशाल जुलूस, 11 को नाकाबंदी

**कोरबा।** रोजगार और पुनर्वास से जुड़ी मांगों पर छत्तीसगढ़ किसान सभा के नेतृत्व में कोरबा जिले में भू-विस्थापितों के बीच सक्रिय दसियों संगठन लामबंद हो गए हैं और उन्होंने 11 सितम्बर को रेल और सड़क मार्ग से होने वाली कोयला ढुलाई को रोककर आर्थिक नाकाबंदी करने की घोषणा की है। इस आंदोलन को सफल बनाने के लिए नुक्कड़ सभाओं के साथ पोस्टर और पर्चों का भी वितरण किया जा रहा है। आंदोलनकारी टोलियां बनाकर अनाज संग्रहण के जरिये भी ग्रामीणों से समर्थन मांग रहे है। भू-विस्थापितों के छोटे-बड़े सभी संगठनों के एकजुट होने का असर ग्रामीणों पर भी देखने को मिल रहा है। 11 सितम्बर को बड़ी संख्या में उनके सड़कों पर उतरने की संभावना है। इससे पहले कल 9 सितम्बर को मशाल जुलूस निकालकर वे शक्ति-प्रदर्शन करेंगे उल्लेखनीय है कि बरसों पुराने भूमि अधिग्रहण के बदले लंबित रोजगार प्रकरणों का निपटारा करने, मुआवजा, पूर्व में अधिग्रहित जमीन की वापसी, प्रभावित गांव के बेरोजगारों को खदान में काम देने, महिलाओं को स्वरोजगार तथा पुनर्वास गांव में बसे भू विस्थापितों को काबिज भूमि का पट्टा देने आदि मांगों को लेकर अपने-अपने ढंग से लड़ाई लड़ रहे थे। छत्तीसगढ़ किसान सभा ने उनको एकजुट करने की पहलकदमी की। 5 सितम्बर को उनका संयुक्त सम्मेलन हुआ, जिसमें 11 सितम्बर को कोयले की ढुलाई रोककर उन्होंने अपनी संयुक्त ताकत दिखाने का फैसला किया है। इस सम्मेलन में 56 गांवों के ग्रामीणों ने हिस्सा लिया था, जिन्होंने आर्थिक नाकेबंदी के आह्वान का समर्थन किया है। व्यापारी और नागरिक समाज का भी इस आंदोलन को समर्थन मिल रहा है, क्योंकि वे यह समझ रहे हैं कि इस क्षेत्र में रोजगार का विस्तार होने का सीधा फायदा उनके व्यापार को मिलेगा।

छत्तीसगढ़ किसान सभा और भू-विस्थापितों के संगठनों ने कहा है कि उनका आंदोलन तभी खत्म होगा, जब एसईसीएल प्रबंधन रोजगार, मुआवजा, बसावट, पट्टा और जमीन वापसी के सवाल पर उनके पक्ष में निर्णायक फैसला करेगा।

## कटियार रहेंगे विद्युत उत्पादन कंपनी के एमडी

**कोरबा ।** विद्युत उत्पादन कंपनी के प्रबंध निदेशक संजीव कुमार कटियार का कार्यकाल एक वर्ष बढ़ा दिया गया। उनका कार्यकाल आगामी 30 नवंबर 2023 को समाप्त हो रहा था। बताया जा रहा है कि विधानसभा चुनाव की वजह से उनका कार्यकाल एक वर्ष या आगामी आदेश तक के लिए बढ़ाने का आदेश ऊर्जा विभाग के उपसचिव मनोज कौशल ने जारी किया है। आदेश में कहा गया है कि एक दिसंबर 2023 से अस्थाई रूप से एक वर्ष अथवा आगामी आदेश पर्यंत तक विद्युत उत्पादन कंपनी में संचालक व प्रबंध निदेशक का पद कटियार संभालेंगे।

## संशोधन हेतु कर्मचारियों को मिला अवसर

**कोरबा ।** राज्य के 1 नवंबर 2004 से 31 मार्च 2022 के मध्य नियुक्त हुए सभी शासकीय कर्मचारियों को ओपीएस या एनपीएस में रहने हेतु विकल्प भराया गया था। यदि किसी कर्मचारी को अपने चयन किए विकल्प में संशोधन करना है ।

# जन सहयोग से 9 लाख जुटाए ,बदली मुक्तिधाम की दशा





**कोरबा।** वार्ड क्रमांक 29 पोड़ीबहार के मुक्तिधाम की बदहाली ने कुछ लोगों को द्रवित किया और बहुत सारे समाज को प्रभावित । आनन-फानन में इसकी दशा बदलने का विचार करने के साथ जन सहयोग से 8 लाख रूपए जुटाएं गए। प्रथम चरण में यहां कई प्रकार के काम कराएं गए है। जिस तरह से यहां की तस्वीर बेहतर हुई है उससे लोग चकित रह जाते है कि यह मुक्तिधाम है या कोई पर्यटन स्थल।

1 अगस्त को राजेश बसवतिया की माता का दाह संस्कार करने निहारिका व कोरबा के अग्रवाल समाज व अन्य समाज के लोग इस मुक्ति धाम में पहुँचे थे। वहाँ पर पसरी गंदगी व पूरे परिसर को अस्त व्यस्त व्स्था को देख कर कुछ युवाओं को बहुत पीड़ा हुई। तत्काल वहाँ पर बैठे 4 युवाओं ने इस परिसर के कायाकल्प करने का संकल्प लिया और फिर अगले दिन से ही इस मुक्तिधाम में चारो सदस्यों ने इसका प्रारूप बना करे लोगो से सहयोग की अपील की। देखते ही देखते काफ़ी लोगो ने इसमें अपनी रुचि दिखाते हुए लगने वाले सामान व नक़द राशि की घोषणा शुरू कर दी अगले दिन से ही पूरा सिविल कार्य, गार्डन का कार्य, पानी टंकी व नलों का काम, पूरे परिसर के रंगरोगन का कार्य पूरी गति से शुरू हो गया प्रारंभिक कार्य में जयंत अग्रवाल, सुनील जैन (टोनी) राध्येश्यम अग्रवाल (पिंटू) दियवानंद अग्रवाल (डब्बू) राजेश बसवतिया (बल्लु) व शंकर जी ने मिलकर इस कार्य को अंजाम देना चालू किया । इसके बाद एक समिति का निर्माण किया गया जिसे पॉडीबहार मुक्तिधाम सेवा समिति से नामांकित किया। तदोपरांत इस समिति में राजेश अग्रवाल (आँचल) राजेश अग्रवाल (कंप्यूटर) नितिन अग्रवाल (चश्मा ) प्रदीप अग्रवाल ,एस के सेठ,राजन बर्नवाल,बंटी चवलानी नीरज अग्रवाल व अशोक अग्रवाल को मिलाकर कुल 16 सदस्यों ने मिलकर कार्यों को पूर्ण रूप से संपादित किया। समिति के सदस्यों ने बताया की मुक्तिधाम परिसर में दाह संस्कार के लिए लकड़ी व गोबर के कंडे परिसर में ही उपलब्ध करवाया गया है। अभी तक कुल 9 लाख रुपए व्यय कर परिसर में पानी, यूरिनल, स्वच्छ व सुन्दर गार्डन का निर्माण, शव हेतु ग्रेनाइट का स्टैंड, लोहे की गार्डर सब लगवा कर पूर्ण रूप से ये परिसर स्वच्छ वि सुंदर बना दिया गया है

समिति के सदस्यों ने ये भी बताया की आगे भी इस परिसर की पूर्ण देखभाल समिति करती रहेगी। लोगो से अपील भी की गई है की ज़्यादा से ज़्यादा लोग इस पुनीत कार्य में सहभागी बने व हर तरह का सहयोग व अपने कुशल मार्गदर्शन समिति को देते रहे।

## अभी भी समस्याओं से जूझ रहे लोग

**सक्ती।** कलेक्टर ने जनदर्शन के माध्यम से जिले के दूर दराज के गांवों से आए विभिन्न लोगों की समस्याएं सुनी। जनदर्शन में 18 लोगों ने शिकायतें व मांग सहित अन्य समस्याओं से कलेक्टर को अवगत कराया। सेंदरी के सूर्या महिला स्व सहायता समूह की अध्यक्ष, सचिव व सदस्यों ने जागृति स्व सहायता महिला समूह के नाम को काट कर उनके समूह का नाम जोड़ने के लिए आवेदन किया।

समूह की महिलाओं ने बताया कि उनका समूह गांव सेंदरी के गौठान में विगत 3 वर्षों से कम्पोस्ट खाद बना रहा है, लेकिन गोठान के अध्यक्ष ने सूर्या स्व सहायता समूह का नाम पंजीकृत न करके जागृति स्व सहायता महिला समूह का नाम जोड़ दिया है। नन्दौरखुर्द निवासी महेश राम श्रीवास ने भूमिहीन मजदूर न्याय योजना की राशि दिलाने की मांग की तो जिला मुख्यालय राजापारा वार्ड नं 3 के निवासियों ने नाली निर्माण कराने के संबंध में आवेदन किया। सकरेली कला निवासी तिहारू राम यादव निगरानी समिति अध्यक्ष ने सकरेली कला में मवेशियों को गोठान में रखने के संबंध में आवेदन किया।



## 18 सितम्बर को होगा बैरिस्टर छेदीलाल स्मृति समारोह का आयोजन

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर की अध्यक्षता में बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल स्मृति समारोह के गरिमामय आयोजन के लिए स्थायी समिति की बैठक आज आयोजित कि गई। बैठक में कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और समाजसेवी बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल की स्मृति में 18 सितम्बर को शहीद स्मारक प्रतिमा स्थल कचहरी चौक जांजगीर में एक दिवसीय समारोह का आयोजन किया जाएगा। समारोह में कृषक संगोष्ठी, विधिक सेमीनार, सांस्कृतिक कार्यक्रम, खेल प्रतियोगिता आदि का आयोजन होगा। समारोह में बैरिस्टर साहब के जीवनी पर प्रदर्शनी, विभागों को शासन के योजनाओं के प्रदर्शनी लगाने के निर्देश दिए है। किसान संगोष्ठी में विषय विशेषज्ञों द्वारा किसानी के आधुनिक तकनीक, जैविक पद्धति, फसल चक्र की जानकारी दी जाएगी। इसी प्रकार विधिक संगोष्ठी में विधि विशेषज्ञों को आमंत्रित किया जाएगा। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में स्थानीय कलाकारों और अन्य प्रसिद्ध कलाकारों के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। बैठक में समिति के सदस्यों के महत्वपूर्ण सुझावों पर भी चर्चा की गई। बैठक में सांसद गुहाराम अजगल्ले, विधायक अकलतरा सौरभ सिंह, नगर पालिका जांजगीर-नैला अध्यक्ष भगवान दास गढ़वाल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष राघवेन्द्र प्रताप सिंह, श्रम कल्याण बोर्ड के सदस्य हरप्रसाद साहू, कृषि उपज मंडी नैला अध्यक्ष व्यास नारायण कश्यप, दिनेश शर्मा, बैरिस्ट अकादमी अध्यक्ष देवेश सिंह, सिद्दिकी, डॉ परस शर्मा, अपर कलेक्टर एस.पी. वैद्य, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनील सोनी, संयुक्त कलेक्टर डॉ आराध्या राहुल कुमार, सतीश सिंह सहित स्थायी समिति के सदस्य एवं अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# चावल के लिए भाई की हत्या, उम्र कैद

**सक्ती।** भाई के हत्यारे को द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश डा. ममता भोजवानी ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई और साढ़े 7 हजार रूपए अर्थदंड से दंडित किया।

अभियोजन के अनुसार 26 मई 2022 को संतोषी बाई ने थाना जैजैपुर में सूचना दी कि उसके पति तथा जेठ नंदकुमार हमेशा छोटी-छोटी बात पर लड़ाई झगड़ा होते रहते हैं ।

2 दिन पहले जेठ नंद कुमार ग्राम तुषार उसके घर में दो कट्टी चावल और 5 हजार रूपए उसके सामने से उठाकर घर ले गया था । 25 मई की शाम लगभग 5 बजे उसके पति छोटेलाल के द्वारा अपने बड़े भाई को घर से चावल और पैसा क्यों ले गए हो कहने पर वह उसके पति को गाली गलौज कर झगड़ा किया था।

उसके बाद वह अपने पति छोटेलाल एवं बेटे के साथ खाना खाने के बाद घर के बाहर आंगन में एक ही खाट पर सोए थे तभी रात्रि लगभग 1 बजे उसका जेठ नंदकुमार आया और पास में सो रहे उसके पति छोटे लाल की गर्दन में फरसा मार कर चोट पहुंचाए पति के चिल्लाने पर वह उठ गई और देखी कि उसका जेठ नंद कुमार उसके पति को फरसा से मार रहा था।

पति ने रोकने का प्रयास किया उसके दाएं हाथ में भी गहरी चोट लगी वह अपने बच्चों को लेकर उठी तो नंद कुमार उसे मारने के लिए दौड़ाया तब वह वहां से भागी और आसपास के घर में जाकर लोगों को सूचना दी । तब तक उसके पति की मौत हो गई थी। उसकी रिपोर्ट पर पुलिस ने नंदकुमार के विरूद्ध हत्या का अपराध दर्ज किया। मामले में तत्कालीन थाना प्रभारी गोपाल सतपथी ने आरोपित को गिरफ्तार कर उससे फरसा और खून सने कपड़े जब्त किया। विवेचना के बाद अभियोग पत्र न्यायालय में पेश किया गया। मामले की सुनवाई कर द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश ने नंदकुमार को अपने छोटे भाई की हत्या के लिए दोषी करार देते हुए भादवि की धारा 302 के लिए आजीवन कारावास एवं 5 हजार रूपए अर्थदंड धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट में 3 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 1 हजार रूपए अर्थदंड तथा 27 आर्म्स एक्ट के लिए 4 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 1500 रु.के अर्थदंड से दंडित किया। शासन की ओर से अपर लोक अभियोजक ऋषिकेश चौबे ने पैरवी की।




## ड्राई डे पर भी हुई शराब की बिक्री

**सक्ती।** पुलिस ने शुष्क दिवस पर अवैध रूप से भारी मात्रा में शराब ले जा रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से 36 नग देसी शराब जब्त की गई है। जब्त शराब की कीमत 28 सौ 80 रुपए बताई गई है। राज्य सरकार ने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर शुष्क दिवस घोषित करते हुए किसी भी प्रकार की शराब की बिक्री पर रोक लगा दी थी। यानि सरकारी शराब दुकानें गुरूवार को बंद करने का कलेक्टर ने आदेश भी जारी किया था, इसके बाद भी जिले की शराब दुकान खुली और लोगों को शराब बेची गई।

इसकी पुष्टि पुलिस द्वारा आरोपी को 36 पाव देसी प्लेन शराब के साथ पकड़ने से होती है, कि दुकान संचालकों ने सरकार के आदेश की नाफरमानी कर दी। पुलिस के अनुसार अखराभांठा निवासी शंभूलाल देवांगन द्वारा बड़ी मात्रा में शराब परिवहन करने की सूचना मिलने पर उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की गई और उसकी तलाशी ली गई तो उसके पास से 36 पाव देसी शराब बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी शंभू लाल देवांगन को आबकारी एक्ट के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

## छत्तीसगढ़ में सिविल जजों का ट्रांसफर

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल ने बिलासपुर के जिला एवं सत्र न्यायाधीश, बलरामपुर के फैमिली कोर्ट के जज, रायपुर के सीजेएम सहित अन्य सिविल जजों का तबादला आदेश जारी किया है। रामशंकर प्रसाद बिलासपुर के नए जिला एवं सत्र न्यायाधीश बनाए गए हैं।

हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस के निर्देश पर रजिस्ट्रार जनरल अरविंद कुमार वर्मा ने न्यायिक सेवा से जुड़े आधा दर्जन अफसरों का तबादला आदेश जारी किया है। इसमें सिविल जज इंट्री लेवल, जूनियर और सीनियर लेवल जज के साथ ही उच्च न्यायिक सेवा से जुड़े अफसर शामिल हैं।

## लाखों का इंजन पार चोर के कब्जे से जप्त

**बलौदा ।** मकान के सामने खड़े ट्रैक्टर इंजन कोचोरी करने वाले आरोपित युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस ने आरोपित के पास चोरी किए ट्रैक्टर इंजन को बरामद किया है। मामला बलौदा थाना का है।पुलिस के अनुसार राजीव गांधी चौक के पास बलौदा निवासी कमल किशोर गुप्ता ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि तीन सितंबर को उसने अपने घर के सामने सोनालिका कंपनी का नीला रंग का ट्रेक्टर इंजन क्रमांक सीजी 11 एएफ - 6761 को मकान के सामने खड़ा किया था ।

इसी रात कोई अज्ञात चोर ट्रैक्टर इंजन को चोरी कर ले गया। दूसरे दिन सुबह जब कमल किशोर सोकर उठा तो उसने देखा तो घर के सामने ट्रैक्टर का इंजन नहीं था। उसने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। जिस पर अज्ञात आरोपित के विरूद्ध धारा 379 कायम कर विवेचना में लिया गया। विवेचना दौरान ग्राम बेलंदीयाडीह निवासी रमेश सिंह को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। जिस पर उसने ट्रैक्टर को चोरी करना स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपित रमेश सिंह के कब्जे से चोरी का ट्रैक्टर इंजन को बरामद किया और आरोपित युवक कोगिरफ्तार कर जेल भेज दिया



## लाईवलीहुड कालेज में 16 सितम्बर को रोजगार मेला

**जांजगीर-चांपा ।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, जांजगीर चांपा द्वारा जिले के युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से ''रोजगार मेला सह कैरियर मार्गदर्शन'' का आयोजन 16 सितम्बर 2023 को लाईवलीहुड कालेज जांजगीर में किया जाएगा।

जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि रोजगार मेला में निजी क्षेत्र के 11 नियोजक शामिल होगें तथा लगभग 1748 रिक्तियों में भर्ती की कार्यवाही की जाएगी। निजी क्षेत्र के नियोजकों में डी.बी.पावर लिमिटेड बाड़ादरहा डभरा द्वारा 20 पदों पर, एक्सिस बैंक चांपा द्वारा 10 पदों पर, नव किसान बॉयो प्लांटेक बिलासपुर द्वारा 29 पदों पर, बांबे इंटेलिजेन्स सिक्युरिटी रायपुर द्वारा 100 पदों पर, न्यूट्रीन्टी क्राप केयर बिलासपुर द्वारा 47 पदों पर, फायर सेफ्टी एण्ड डिजास्टर मैनेजमेंट इन्स्टीट्यूट द्वारा 240 पदों पर,डी.एम. गट्टानी होन्डा द्वारा 04 पदों पर, वेदांता स्कील्ड स्कूल बाल्को कोरबा द्वारा 240 पदों पर, केपस्टन सर्विस लिमिटेड हैदराबाद 575 पदों पर, टीआरव्ही इंडस्ट्रीज़ कोरबा द्वारा 280 पदों पर, आरसमेंटा सीमेंट प्लांट न्यूको विस्टा लिमिटेड द्वारा 03 पदों पर, भारतीय जीवन बीमा निगम नैला द्वारा 150 पदों पर भर्ती की कार्यवाही कि जावेगी। उक्त पदों हेतु शैक्षणियक योग्यता न्यूनतम 10 वी 12 वी बीएससी कृषि उत्तीर्ण एवं पावर प्लॉन्ट हेतु शैक्षणिक योग्यता आई.टी.आई.इलेक्ट्रीशियन फीटर,वेल्डर, इंजीनियर हेतु बीटेक, बीई मैकनिकल, इलेक्ट्रिकल एवं अनुभव निर्धारित किया गया है। वेतनमान संबधित कंपनी द्वारा अलग अलग निर्धारित किया गया है। मेले में अविभाजित जिले के युवा अपने समस्त मूल दस्तावेजों के साथ निर्धारित तिथि में उपस्थित होकर अवसर का लाभ उठा सकते है। अधिक जानकारी के लिए जिला रोजगार कार्यालय जांजगीर चांपा से भी संपर्क किया जा सकता है एवं इस जिले के वेबसाईट https://jan-jgir-champa. gov.in / का भी अवलोकन कर सकते है।

# नारायण चंदेल के नेतृत्व में एसडीएम कार्यालय में बांधा गया गाय

*जांजगीर चांपा।* भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल के नेतृत्व में कल कचहरी चौक जांजगीर में एक वृहद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम पूर्व से नियोजित थी जो प्रशासन की निष्क्रियता के विरोध में एसडीएम कार्यालय में गाय बांधने का कार्यक्रम रखा गया था। इसी के तहत कल भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ नारायण चंदेल के नेतृत्व में एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। वही एसडीएम कार्यालय जाकर गाय एवं बछड़े को बांधकर विरोध दर्ज की।

इस अवसर पर नारायण चंदेल ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार पूरी तरह से भ्रष्टाचार के आखंड में डूबी हुई है जो गोठनों को लेकर के खुले आम शासन, जनता के रूपए को लूट रही है । उन्होंने कहा कि आज जो गए घरों में होना चाहिए वह सड़कों पर नजर आ रही है तथा हजारों गायों के सड़कों पर होने के कारण लगातार दुर्घटनाएं घट रही हैं लोग अकाल मृत्यु के गाल में समा रहे हैं। वहीं बड़े वाहनों के चपेट के में आकर गायों की भी मौत हो रही है जिसे देखकर सरकार कदम उठाने से हिचकी जा रही है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में जांजगीर चांपा जिले के नवागढ़, चांपा एवं जांजगीर नैला नगर पालिका एवं नगर पंचायत में खुलेआम भ्रष्टाचार हो रहा है जिसका समुचित जांच किया जाना आवश्यक है उन्होंने कहा कि जांजगीर के कचहरी चौक से लेकर नेताजी चौक तक करोड़ों रुपए की लागत से सड़क चौड़ीकरण एवं प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित किया गया था किंतु एक माह बाद ही सड़क पूरी तरह से उखड़ गई है और लोग परेशान हो रहे हैं इस कार्य को करने वाले ठेकेदार एवं नगर पालिका के कार्यों की समुचित जांच कर दोषियों को सजा देने की मांग की गई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार पूरी तरह से असफल है जो किसानों के साथ धोखा करते हुए तथा गठानों के माध्यम से भ्रष्टाचार करते हुए जनता को ठगने का कार्य कर रही है। इस मौके पर अनेक वक्ताओं ने अपनी बातें रखी तथा भाजपा के शीर्ष नेताओं की जिंदाबाद तो वहीं भूपेश सरकार मुर्दाबाद के नारे लगाए गए। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष गुलाब सिंह चंदेल, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष नंदनी राजवाड़े, विवेका गोपाल,उपाध्यक्ष अमर सुल्तानिया, पुरुषोत्तम शर्मा, नगर मंडल के पूर्व अध्यक्ष परमेश्वर राठौर,शिवकुमार शर्मा,आशुतोष गोस्वामी, हितेश यादव,अधिवक्ता गणेश श्रीवास,गिरीश मोदी,सुधीर झाझडिया, आदि अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।





## कलेक्टर ने किया वृद्धाश्रम खोखरा का निरीक्षण

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने देव सेवा समिति वृद्धाश्रम खोखरा का निरीक्षण किया। उन्होंने आश्रम में रहने वाले सभी वृद्धजनो से मुलाकत की तथा आश्रम की व्यवस्था के बारे में उनसे चर्चा की। कलेक्टर ने कहा कि वृद्धावस्था में व्यायाम, योग जैसी गतिविधियां करना बहुत आवश्यक है। इससे वृद्धावस्था में शरीर स्वस्थ रहता है। उन्होंने वृद्धजनो को नियमित योग करने के लिए प्रेरित किया। कलेक्टर ने वृद्धजनों को फल का वितरण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से वृद्धाश्रम की क्षमता, खान-पान की व्यवस्था, रूम की सफाई व्यवस्था और उनके मनोरंजन की व्यवस्था के बारे में जानकारी ली। वृद्धजनो के खान-पान से लेकर प्रतिदिन की दिनचर्या और व्यवस्था की नियमित मॉनिटरिंग करने के लिए निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने आश्रम को आबंटित जमीन के बारे जानकारी ली एवं समय समय पर वृद्धजनो को भ्रमण पर ले जाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उप संचालक समाज कल्याण टी पी भावे, देव सेवा समिति वृद्धाश्रम देव बर्मन एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## सुमन बनी उप पुलिस अधीक्षक

**जांजगीर-चांपा।** जिले की बेटी सुमन जायसवाल ने लगन से पढ़ाई कर छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के द्वारा की परीक्षा पास की है जिन्होंने परीक्षा पास करके केवल परिवार के नाम को रोशन की है बल्कि जिले के नाम को भी रोशन करने में सफलता अर्जित की है ज्ञात हो कि सुमन जायसवाल ने छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के द्वारा आयोजित परीक्षा उत्तीर्ण की है। उनका चयन उप पुलिस अधीक्षक के पद पर हुआ है, जांजगीर चाँपा ज़िला पुलिस की और से चाम्पा के अनुविभागीय अधिकारी पुलिस यदुमणि सिदार कु. सुमन को सफलता पर बधाई दी और उज्जवल भविष्य की कामना की।

चाम्पा पुलिस अनुविभाग के अंतर्गत आने वाले बम्हनीडीह गाव पहुंचकर एसडीओपी यदुमणि सिदार ने पीएससी की सफल प्रतिभागी सुमन को बधाई दी। वे परिजनों से भी मिली और बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित देने के लिए उनके उदारवादी रुख को मुक्तकंठ से सराहा। चाँपा एसडीओपी ने इस मौके पर इस को भी प्रमुखता के साथ कहां की जीवन के सभी क्षेत्रों में बालिकाएं निरंतर बढ़ रही हैं और वह अपनी सफलता से सभी को चमत्कार करने में लगी हैं। इसलिए सरकार के स्तर पर भी उन्हें प्रोत्साहित किया जा रहा है। उन्होंने बम्हनीडीह की बेटी की सफलता को लेकर यह भी कहां की इस तरह के उदाहरण से क्षेत्र के अन्य विद्यार्थियों को आगे बढ़ाने की प्रेरणा मिलेगी और वह उच्च स्थान प्राप्त करने के लिए अपनी ओर से भरसक प्रयास करेंगे।



## बिलासपुर में चोर गिरोह का भंडाफोड़

**बिलासपुर।** बिलासपुर में पुलिस ने बाइक चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। गिरोह के सदस्य मार्केट व चौक-चौराहों में खड़ी बाइक को पार कर एक से दो हजार रुपए में बेच देते थे।

न्यायालय अधीक्षक भू-अभिलेख
(परिवर्तित भूमि शाखा) कोरबा
जिला-कोरबा (छ.ग.)

**// ईश्तहार//**

क्रमांक/3247/अ.भू.अ.(परि.शा.)/वाचक/ 2023
कोरबा, दिनांक 05.09.2023

रा.प्र.क्र.-913/अ-2/2022-23
ग्राम- सरईपाली, प.ह.नं.-14
तह.-बरपाली, जिला- कोरबा(छ.ग.)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय के रा.प्र.क्र. 913/ अ-2/ 2022-23 आवेदक श्री लक्ष्मीचंद देवांगन पिता स्व. श्री जगन्नाथ देवांगन, निवासी-ग्राम चाम्पा, तहसील-चाम्पा, जिला-जांजगीर-चाम्पा के द्वारा ग्राम-सरईपाली, प.ह.नं. 14, तहसील-बरपाली, जिला-कोरबा स्थित भूमि खं.नं. 15000 रकबा 1.270 हे. भूमि को आवासीय प्रयोजन (आवासीय कॉलोनी) हेतु व्यपवर्तन बाबत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। आवेदन पत्र में उप संचालक नगर एवं ग्राम निवेश से प्राप्त कॉलोनाईजर एक्ट के तहत भूमि विकास सहमति पत्र एवं ले-आउट नक्शा संलग्न किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति इस न्यायालय में नियत तिथि दिनांक 20.09.2023 तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 05.09.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुद्रा से जारी।

(सील) अधीक्षक भू-अभिलेख परि.भू.शा.
जिला- कोरबा (छ.ग.)



## उदयनिधि स्टालिन और ए. राजा श्वान और गधा नश्ल के प्रतिनिधि:प्रशांत सिंह ठाकुर

**जांजगीर।** तमिलनाडु के मंत्री उदयनिधि स्टालिन द्वारा सनातन धर्म की तुलना बीमारी से करने और उसे खत्म करने सम्बन्धी बयान की व्यापक आलोचना हो रही है।

इस सम्बन्ध में अलग-अलग संगठनों के द्वारा विभिन्न प्रकार से प्रतिक्रियाएं दी जा रही हैं। इसी क्रम में कल शाम जांजगीर के सनातनी युवाओं ने कचहरी चौक पर प्रदर्शन कर स्टालिन और ए राजा के बयान का तीखा विरोध किया। प्रदर्शन के दौरान श्वान के गले में स्टालिन का मुखौटा लगाकर घुमाया गया । आक्रोशित युवाओं ने दोनों नेताओं को सनातन विरोधी बताते हुए उनके पोस्टर पर जूते बरसाए। इस दौरान उदयनिधि स्टालिन मुर्दाबाद और ए. राजा मुर्दाबाद के नारे भी लगे।

प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे प्रशांत सिंह ठाकुर ने कहा कि सनातन को खत्म करने की साजिश सैकड़ों वर्षों से की जाती रही है, पर कोई सफल न ही सका और न ही सफल होगा। उदयनिधि स्टालिन और ए.राजा में यह क्षमता नहीं कि वह सनातनियों का बाल बांका भी कर सकें। दुर्भाग्य बस यह है कि सनातनी आस्था और उसकी भावना का बार-बार निरादर किया जाता है और देश के कुछ राजनैतिक दल ऐसे लोगों को संरक्षण देते हैं। सनातन विरोधी पूरी लॉबी श्वान और गधे की नश्ल का प्रतिनिधित्व करते हैं। इस प्रदर्शन में प्रशांत सिंह ठाकुर, अनुराग तिवारी, अभिमन्यु राठौर, जितेंद्र देवांगन, पंकज अग्रवाल, सुदीप उपाध्याय, राहुल सेन, कुलदीप सिंह, श्याम यादव, सुरेंद्र यादव, सूर्यप्रताप सिंह, आशीष पांडेय, गोलू यादव, अमित, पवन यादव उपस्थित थे।

# ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल, बनारी में शिक्षक दिवस मनाया गया

**जांजगीर।** ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल, बनारी, जाँजगीर में 05 सितम्बर को शिक्षक दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में आर.सी. मिश्रा सेवानिवृत्त प्राचार्य राजेन्द्र कुमार सिंह उ.म.वि. अकलतरा, डी.पी. साव सेवानिवृत्त प्राचार्य शा.उ.मा. वि. जाँजगीर, के.डी. वैष्णव सेवानिवृत्त प्राचार्य राजेन्द्र कुमार सिंह उ.म.वि. अकलतरा एवं रेव्ह थियोडोर एन बर्डे सेवानिवृत्त प्राचार्या शा.म.सं.मा.वि. धौराभाठा, बिलासपुर, विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती बबीता धानुका एवं श्रीमती प्रणिता अग्रवाल उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम की शुरूवात सर्वपल्ली के तैल्य चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। संस्था के विद्यार्थियों ने समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं मंचस्थ उपस्थित अतिथियों का जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम के शुरूवात में संस्था की प्राचार्या श्रीमती सोनाली सिंह द्वारा स्वागत भाषण प्रस्तुत कर शिक्षक दिवस की हार्दिक बधाई दी। तत्पश्चात् मुख्य अतिथि श्रीमती रेव्ह थियोडोर एन बर्डे ने शिक्षक को परिभाषित करते हुए कहा एक शिक्षक में विचारशील, उर्जावान, रचनात्मक, ईमानदार, शिक्षाविद, विश्वनीयता इन गुणों का होना आवश्यक है। तत्पश्चात के डी वैष्णव ने अपनी बात को कबीर दास जी के दोहो के माध्यम से व्यक्त करते हुए कहा की।

सब धरती कागज करूँ, लिखनी सब बनराय।
सात समुद्र की मसि करूँ, गुरु गुण लिखा न जाय॥

दोहो का अर्थ बताते हुए सरगर्भित विचार रखें। उन्होंने आगे कहा कि शिक्षक अपने शिष्य के जीवन के साथ साथ उसके चरित्र के निर्माण में भी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। कहा जाता है कि इंसान की सबसे पहली गुरु उसकी माँ होती है, इसके बाद शिक्षकों का स्थान होता है। किसी व्यक्ति के व्यक्तित्व का निर्माण करना बहुत ही विशाल और कठिन कार्य है। व्यक्ति को शिक्षा प्रदान करने के साथ-साथ उसके चरित्र और व्यक्तित्व का निर्माण करना उसी प्रकार का कार्य है, जैसे कोई कुम्हार मिट्टी से बर्तन बनाने का कार्य करता है। इसी प्रकार शिक्षक अपने छात्रों को शिक्षा प्रदान करने के साथ साथ उसके व्यक्तित्व का निर्माण भी करते हैं। के डी वैष्णव ने ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल जॉंजगीर के समस्त स्टाफ की प्रशंसा की और स्कूल के कुशल संचालन हेतु साधुवाद प्रदान किया तथा कहा कि यह स्कूल अपनी उच्चतम इकाइयों को छुये तथा इस स्कूल से निकले हुये छात्र छात्रायें देश में अपना एक मुकाम हासिल करें। प्रति वर्ष एक गरीब बच्चे को गोद लेने और स्कूल शिक्षा प्रदान करने के महत्व को प्रतिपादित किया साथ ही स्कूल के संचालक को बधाई देते हुए कहा कि इस स्कूल में मैंने देखा यहॉं पर गरीब बच्चों की शिक्षा में आप सहायक है और आप लोग गोद लेकर अध्ययन कार्य करवा रहे है, इस हेतु साधुवाद प्रदान किया। तत्पश्चात् डी पी साव सर ने बताया कि ये मेरा परम सौभाग्य है कि आज शिक्षक दिवस जिनके नाम पर मनाया जाता है वह है भारत के प्रथम उपराष्ट्रपति और द्वितीय राष्ट्रपति डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन जिन्होंने अपने जन्मदिवस को ही समस्त शिक्षकों को समर्पित कर दिया और आज पूरा विश्व उनके जन्मदिवस को शिक्षक दिवस के रूप में मनाता है डी पी साव ने कहा कि उन्हीं के हाथों से मुझे गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया गया था और अपनी स्मृति साझा की तथा संस्था के संचालक आलोक अग्रवाल और प्रिंसिपल श्रीमती सोनाली सिंह को स्कूल के कुशल संचालन के लिये पुष्प गुच्छ भेंट देकर सम्मानित किया और साधुवाद प्रदान किया।

आगे आर सी मिश्रा ने संस्था को संबोधित करते हुए कहा कि इस संस्था के संचालक आलोक अग्रवाल और स्कूल के शिक्षक सुनील गुप्ता को भी उन्होंने पढ़ाया है। इस कार्यक्रम में नर्सरी के कुशल संचालक व देख-रेख के लिए श्रीमती लक्ष्मी राठौर और कु. सुमन दुबे को प्रतीक चिन्ह से सम्मानित किया।



## अनमोल वचन

**उस काम को कभी ना छोड़ें जिसके बारे में आप हर दिन सोचते हैं !**

# मुद्दा नाम परिवर्तन नहीं है

इस आरोप में दम है कि सरकार हर काम को सियासी ध्रुवीकरण के नजरिए से करती है। इसीलिए यह मुद्दा विवादित हो गया है। अविश्वास और आक्रोश पैदा करते हुए इतना बड़ा कदम उठाना किसी नजरिए से उचित नहीं है। द्रौपदी मुर्मू और नरेंद्र मोदी ने अगर आधिकारिक रूप से खुद को क्रमशः भारत की राष्ट्रपति और भारत का प्रधानमंत्री कहलाना शुरू किया है, तो उसमें कोई असंवैधानिक बात नहीं है। भारतीय संविधान के मुताबिक इस देश के नाम के रूप में भारत और इंडिया दोनों या दोनों में से किसी एक शब्द का इस्तेमाल किया जा सकता है। अगर संविधान संशोधन कर आधिकारिक रूप से नाम बदलने की कोशिश की जाती है, तो उसमें कोई असाधारण बात नहीं होगी। विभिन्न देशों ने अपना नाम बदला है, जिनमें सबसे ताजा उदाहरण टर्की के तुर्किये बन जाने का है। अपने देश में भी शहरों और राज्यों तक के नाम बदलने की परंपरा रही है। अभी हाल में केरल ने अपना नाम केरलम कर लिया। इसके पहले बंबई, मद्रास, बैंगलोर क्रमशः मुंबई, चेन्नई और बंगलुरू हो ही चुके हैं। यहां सिर्फ उन नाम परिवर्तनों का उल्लेख किया गया है, जिन्हें राजनीतिक एवं सार्वजनिक आम सहमति से किया गया। अनेक नाम परिवर्तन ऐसे भी हुए हैं, जिन पर ऐसी सहमति बनाने की कोशिश नहीं की गई और इसलिए यह आरोप रहा है कि उन्हें ध्रुवीकरण की सियासत के हिस्से के रूप में अंजाम दिया गया। और यही पहलू देश के नाम के बारे में उठे विवाद का भी प्रमुख कारण है। अगर वर्तमान केंद्र सरकार देश का नाम बदलना चाहती है, तो उसका सही तरीका पहले इस सवाल पर राष्ट्रीय बहस कराना और अधिकतम सहमति बनाना होना चाहिए। संविधान सभा ने अगर इंडिया और भारत दोनों नामों को अपनाया, तो इसका कारण वहां एक नाम पर सहमति ना बन पाना था। अब 75 साल बाद संभवतः ऐसा होने की संभावना अधिक मजबूत होगी। मगर समस्या यह है कि सहमति और संवाद के साथ आगे बढ़ना मौजूदा सरकार की शैली का हिस्सा नहीं है। बल्कि इस आरोप में दम है कि हर काम को वह सियासी ध्रुवीकरण के नजरिए से करती है। इसीलिए यह मुद्दा विवादित हो गया है। अविश्वास और आक्रोश पैदा करते हुए इतना बड़ा कदम उठाना किसी नजरिए से उचित नहीं है। अपेक्षित यह है कि सरकार लोकतांत्रिक भावना के अनुरूप संवाद के साथ ही ऐसी कोई पहल करे।

## राशिफल

मेषः आज आप अपने अंदर भरपूर विश्वास व ऊर्जा महसूस करेंगे। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा तथा अपने सभी कार्यों को समय पर पूरा करने की भी कोशिश करेंगे। सामाजिक दायरा बढेगा। मान-सम्मान मे वृद्धि होगी।किसी नजदीकी रिश्तेदार के घर जाने की भी योजना भी बन सकती है व समय मनोरंजन तथा हंसी खुशी में व्यतीत होगा। स्वास्थ्य सुधार होगा।

वृष : आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा ।वर्तमान व्यवसायिक गतिविधियों का विस्तार करने के लिए कुछ नई योजनाएं बनेंगी। इस समय बहुत ही उचित ग्रह स्थिति बनी हुई है, इसलिए इन योजनाओं को तुरंत ही क्रियान्वित करें। आर्थिक पक्ष भी मजबूत रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा।

मिथुन : आज भाग्य आपके साथ है। आपके रुके हुए राजकीय काम किसी प्रभावशाली व्यक्ति की मदद से पूरे हो सकते हैं इसलिए प्रयासरत रहें। साथ ही बच्चों की समस्याओं को सुलझाने में भी आपका विशेष योगदान रहेगा व सफलता मिलेगी और आप श्रेष्ठ अभिभावक भी साबित होंगे। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा।

कर्क : आज आपका दिन सामान्य रहेगा।व्यवसाय में गति लाने के लिए कुछ नई नीतियां बनाना जरूरी है। हालांकि वर्तमान नकारात्मक वातावरण की वजह से व्यापार मंद ही हैं। नौकरी में त्योहारों की वजह से कार्यभार की अधिकता रहेगी। धार्मिक विचारधारा सकारात्मक रहेगी। मनोबल बढेगा। स्वास्थ्य सही रहेगा।

सिंह : आज आप दिन में व्यस्त रह सकते हैं। घर में कोई विवाह या सगाई संबंधी मांगलिक कार्य संपन्न होने जैसी योजनाएं बनेंगी तथा खुशी भरा वातावरण व्याप्त रहेगा। घर के सभी सदस्य अपनी जिम्मेदारियों का निर्वाह पूरी निष्ठा से करेंगे। बड़े बुजुर्गों का भी स्नेह व आशीर्वाद बना रहेगा। जीवनसाथी का भरपूर सहयोग मिलेगा। स्वास्थ्य लाभ होगा।

कन्या : आज आपका दिन खुशनुमा रहेगा।व्यवसायिक गतिविधियां पूर्ववत ही रहेंगी। अपने स्वभाव को नियंत्रित रखना आवश्यक है। जल्दबाजी न करें बनते काम बिगड़ भी सकते हैं। ऐसी ही सावधानी नौकरीपेशा लोगों को अपने ऑफिस में भी चाहिए। आध्यात्मिक विचार बनेंगे व सफलता भी मिलेगी। स्वास्थ्य सही रहेगा।

तुला : आज आपका दिन मन खुश करने वाला रहेगा। कुछ समय से चल रही किसी विशेष कार्य के प्रति आपकी लगन व मेहनत के अप्रत्याशित लाभ प्राप्त होने वाले हैं। अपने काम पर पूरा ध्यान केंद्रित रखें। घर में किसी धार्मिक कार्य के आयोजन संबंधी योजना भी बनेगी। युवा वर्ग कोई उपलब्धि मिलने से गर्व महसूस करेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा।

वृश्चिक : आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा।पब्लिक डीलिंग तथा मीडिया से संबंधित कार्यों में आज विशेष ध्यान दें। क्योंकि इनसे अच्छा मुनाफा मिलने की संभावना है। नौकरी पेशा लोगों के लिए भी ऑफिस का माहौल पॉजिटिव रहेगा। तथा सहयोगियों के साथ संबंध बेहतर बनेंगे। जीवन साथी का सहयोग मिलेगा। स्वास्थ्य सही रहेगा।

धनु : आज आपकी सकारात्मक विचारधारा दिन को बेहतर बनाएगी। धार्मिक तथा आध्यात्मिक कार्यों के प्रति आपकी आस्था व रुझान बढ़ेगा। जिससे आपके अंदर सकारात्मक दृष्टिकोण उत्पन्न होगा। आज दिन का अधिकतर समय किसी विशेष कार्य संबंधी योजनाओं को क्रियान्वित करने में व्यतीत होगा। स्वास्थ्य लाभ होगा।

मकर : आज भाग्य आपके साथ है। कार्यक्षेत्र में आंतरिक रख-रखाव तथा नवीनीकरण जैसी योजना बनेगी। इस परिवर्तन में वास्तु सम्मत नियमों का अवश्य उपयोग करें, इससे सकारात्मक ऊर्जा व्याप्त होगी। बड़ो का आशीर्वाद प्राप्त होगा। नौकरीपेशा लोगों का अपने अधिकारियों के साथ किसी बात को लेकर हल्का मनमुटाव हो सकता है। स्वास्थ्य सही रहेगा।

कुंभ : आज आपका दिन बढिया रहेगा। कार्यक्षेत्र में भावुकता की बजाय प्रैक्टिकल तरीके से सबके साथ व्यवहार करें। क्रोध पर नियंत्रण रखें। सहयोगियों तथा कर्मचारियों के साथ दोस्ताना व्यवहार रखें। परिवार का सहयोग मिलेगा। जीवनसाथी के कारण खुशनुमा माहौल बनेगा। स्वास्थ्य बेहतर रहेगा।

मीन : आज आपका सकारात्मक दृष्टिकोण किसी भी परिस्थिति में ऊर्जावान व मानसिक रूप से मजबूत बनाकर रखेगा। अगर पुश्तैनी प्रॉपर्टी संबंधी कोई वाद-विवाद चल रहा है, तो उसे हल करने के लिए आज का दिन बहुत ही उचित है। धार्मिक विचार उत्पन्न होगे। बच्चों का साथ माहौल खुश बनाएगा। स्वास्थ्य सही रहेगा।

# सनातन विरोध की राजनीति के लिए देश तैयार नहीं

//अजीत द्विवेदी//

**तमिलनाडु के खेल मंत्री उदयनिधि स्टालिन के सनातन धर्म पर दिए बयान के विरोध का दायरा बढ़ रहा है। हालांकि अभी तक इसे सिर्फ धर्म के एकांगी दृष्टिकोण से देखा जा रहा है। लेकिन असल में इसे धार्मिक, सामाजिक और राजनीतिक तीनों संदर्भों में देखने की जरूरत है। बुनियादी रूप से उदयनिधि का बयान एक राजनीतिक बयान है, जिसकी जड़ें तमिलनाडु की द्रविड राजनीति में अंतर्निहित हैं, जहां समाज व्यापक रूप से ईवी रामास्वामी नायकर पेरियार और उनसे भी पहले के दार्शनिक रामालिंगा स्वामीगल उर्फ वल्लालार के विचारों से प्रभावित है। वल्लालार केरल के महान समाज सुधारक नारायण गुरू के समकालीन थे। दोनों उस समय में थे, जब लगभग समूचे दक्षिण भारत में समाज सुधार के छोटे छोटे आंदोलन चल रहे थे। दोनों ने जाति प्रथा, पितृसत्तात्मक समाज और सनातन धर्म की कई परंपराओं का विरोध किया और तर्क आधारित विचार पद्धति का समर्थन किया। उनका दर्शन बाद के समय में राजनीतिक आंदोलनों का आधार बना।**

उदयनिधि उस विचार के साथ बड़े हुए हैं। उन्होंने अपने दादा और अपने पिता को वही राजनीति करते देखा है इसलिए वे उसी राजनीतिक विचारधारा को आगे बढ़ा रहे हैं। सो, अगर द्रविड राजनीति के नजरिए से देखें तो उन्होंने एक मास्टरस्ट्रोक चला है, जिसका फायदा उनकी पार्टी को हो सकता है। लेकिन सवाल है कि क्या पूरा देश इस राजनीति के लिए तैयार है। यह सवाल इसलिए जरूरी है क्योंकि उदयनिधि के बयान पर तमिलनाडु में कोई हंगामा नहीं हो रहा है। वहां की मुख्य विपक्षी पार्टी अन्ना डीएमके इसका विरोध नहीं कर रही है। वहां की एक दर्जन छोटी पार्टियां हैं, जिनमें से कई भाजपा के साथ हैं लेकिन किसी ने इसके विरोध में एक बयान जारी नहीं किया है। इसका कारण यह है कि तमिलनाडु में सनातन विरोध की पुरानी परंपरा रही है। परंतु पूरा देश अभी इस राजनीति के लिए तैयार नहीं है। देश के अलग अलग हिस्सों में अलग अलग तरह से इस राजनीति को आजमाने का प्रयास हो रहा है लेकिन अभी उसमें बड़ी कामयाबी नहीं हासिल हुई है।

इस बात को समझने के लिए पिछले एक साल में देश के अलग अलग राज्यों में शुरू हुए राजनीतिक विमर्श को देखने और समझने की जरूरत है। इस साल अप्रैल में कर्नाटक में कांग्रेस ने अपने घोषणापत्र में बजरंग दल पर पाबंदी लगाने की बात कही और भाजपा ने बजरंग दल को ही बजरंग बली बताते हुए कांग्रेस पर हमला शुरू किया। उसी समय बिहार में राज्य सरकार के शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर ने 'रामचरितमानस' का विरोध शुरू किया। मानस में पिछड़ी व दलित जातियों व स्त्रियों को लेकर जो कुछ लिखा गया है चंद्रशेखर ने उसका विरोध किया। ठीक उसी समय उत्तर प्रदेश में स्वामी प्रसाद मौर्य ने तुलसीदास और उनकी रचना 'रामचरितमानस' के खिलाफ मोर्चा खोला। उन्होंने इसे बदलने और इसमें महिलाओं, दलितों, पिछड़ों के लिए कही गई बातों को मिटाने की बात कही। चंद्रशेखर और स्वामी प्रसाद मौर्य को अपनी पार्टियों का खुला समर्थन नहीं मिला लेकिन उनका विरोध भी नहीं हुआ और न पार्टी के स्तर पर उनके खिलाफ कोई कार्रवाई हुई। अब उदयनिधि स्टालिन ने सनातन धर्म को लेकर जो कहा है वह चंद्रशेखर और स्वामी प्रसाद मौर्य के बयानों से जुड़ता है और उसका ही विस्तार प्रतीत होता है। इनकी बातों को और गहराई से समझने के लिए यह जानना होगा कि सनातन का क्या मतलब है। सनातन का अर्थ है- सदा से। यानी जो चीज हमेशा रही है और हमेशा रहेगी, जो अजर-अमर है वह सनातन है- जैसे आत्मा। सनातन धर्म में आत्मा को अजर-अमर माना गया है और पुनर्जन्म को स्वीकार किया गया है। लेकिन दिलचस्प बात यह है कि बौद्ध और जैन धर्म भी अपने को सनातन मानते हैं और आत्मा व पुनर्जन्म में विश्वास करते हैं। अब दूसरा सवाल यह है कि क्या सनातन और हिंदू एक ही हैं। कई विद्वानों ने इस सवाल का अपनी अपनी तरह से जवाब दिया है लेकिन सबसे सरल जवाब यह है कि व्यापक हिंदू समाज में सनातन एक हिस्सा है, जो उन तमाम परंपराओं और मान्यताओं में विश्वास करता है, जिन्हें आधुनिक समय की प्रवृत्तियों या आधुनिक समाज व्यवस्था में बुरा या अमानवीय माना जाता है। असल में 19वीं सदी में जब देश के अलग अलग हिस्सों में समाज सुधार के प्रयास शुरू हुए और स्त्री शिक्षा, विधवा विवाह, जाति उन्मूलन आदि बातें जोर पकड़ने लगीं तो हिंदुओं के अंदर एक समूह ने इसका विरोध किया। वे जाति प्रथा और पितृसत्तात्मक समाज व्यवस्था को बनाए रखने के पक्ष में थे। वे शुद्धता में विश्वास करते थे, जिसके लिए शाकाहार आवश्यक था। उन्होंने अपने को सनातन कहना शुरू किया। ध्यान रहे सनातन शब्द का इस्तेमाल भगवद्गीता में है लेकिन वेदों में इसका जिक्र नहीं मिलता है। बहरहाल, इसके थोड़े समय बाद यह धारणा भी जोर पकड़ने लगी कि हिंदू कहना भारत की अभिव्यक्ति नहीं है। बाहर से आए लोगों ने इस शब्द का इस्तेमाल किया इसलिए इसकी बजाय सनातन शब्द का इस्तेमाल किया जाए। लेकिन हकीकत यह है कि सनातन एक खास अर्थ में रूढ़ हो चुका शब्द है, जिसका विरोध उदयनिधि ने किया है या बिहार में चंद्रशेखर ने किया था या उत्तर प्रदेश में स्वामी प्रसाद मौर्य कर रहे हैं। इसका व्यापक हिंदू समाज या धर्म से प्रत्यक्ष संबंध नहीं है। इसके बावजूद यह कहने में हिचक नहीं है कि धार्मिक, सामाजिक व राजनीतिक स्तर पर देश अभी सनातन के खिलाफ बहुत आक्रामक हमला स्वीकार करने को तैयार नहीं है। ध्यान रहे किसी भी विचार की सफलता तभी संभव है, जब व्यापक समाज उसे स्वीकार करने को तैयार हो। पुरानी कहावत है कि उस विचार को सफल होने से नहीं रोका जा सकता है, जिसका समय आ चुका हो। लेकिन समय से पहले अगर उस विचार को स्वीकार कराने के लिए जोर डाला जाएगा तो नुकसान हो सकता है। तमिलनाडु में समाज सुधार आंदोलनों को सफल होने में बहुत लंबा समय लगा है, जबकि उत्तर भारत में तो अभी इसकी शुरुआत हुई है। मंडल की राजनीति को इसका प्रस्थान बिंदु मान सकते हैं। लेकिन सरकारी नौकरियों और शिक्षण संस्थाओं में दाखिलों के अलावा विचार के स्तर पर मंडल की राजनीति आगे नहीं बढ़ी। उत्तर प्रदेश में कांशीराम ने बहुजन समाज पार्टी को एक आंदोलन के तौर पर शुरू किया था। अगर वे अड़े रहते तो शायद यह समय पहले आया होता। लेकिन सत्ता के लिए उनकी पार्टी ने पहले 'तिलक, तराजू और तलवार इनको मारो जूते चार' के नारे लगाए और उसके बाद 'हाथी नहीं गणेश है, ब्रह्मा, विष्णु महेश है' कहना शुरू कर दिया।सो, करीब तीन दशक तक मंडल और दलित आंदोलन दोनों सत्ता की राजनीति में अटके रहे। अब धीरे धीरे उसके आगे बढ़ने का सिलसिला शुरू हुआ है। अपने अधिकार और अपनी गरिमा के लिए उन्होंने वैचारिक संघर्ष की जमीन तैयार करनी शुरू की है, जिसका प्रस्थान बिंदु 'रामचरितमानस' का विरोध है। यह अभी बिल्कुल शुरुआती स्थिति में है और उत्तर भारत या समूचे हिंदी पट्टी का पिछड़ा, दलित, आदिवासी इसके गूढ़-गंभीर पहलुओं को समझने के लिए तैयार नहीं है। वह देख रहा है, हो सकता है कि उसको अच्छा भी लग रहा हो लेकिन वह इसका हिस्सा नहीं बन रहा है। चूंकि उदयनिधि की पार्टी विपक्षी गठबंधन का हिस्सा है और उनके पिता एमके स्टालिन हर जगह 'इंडिया' की बैठक में प्रमुखता से मौजूद रहते हैं। इसलिए उदयनिधि का बयान देश के बड़े हिस्से में विपक्ष को नुकसान पहुंचा सकता है।

## दांव पर छात्रों की जान

जानकारों के मुताबिक छात्रों पर बढ़ने वाले मनोवैज्ञानिक दबाव के पीछे एक प्रमुख कारण यहां का कोचिंग सिस्टम है। कोचिंग संस्थान सिर्फ उन छात्रों पर ध्यान केंद्रित करते हैं, जिन्हें ग्रेडिंग में ज्यादा नंबर मिलते हैं। इससे बाकी छात्रों पर दबाव बढ़ जाता है। कोचिंग हब के नाम से मशहूर शहर कोटा में छात्रों के आत्महत्या करने का सिलसिला जारी है। ऐसा लगता है कि ये समस्या लाइलाज हो गई है। छात्रों की मुसीबत और उसके समाधान की चर्चाएं खूब होती हैं, लेकिन कोई समाधान नहीं निकलता। बीते आठ महीने में 24 छात्रों ने जान दी है। इनमें से 13 ऐसे थे, जिन्हें कोटा आए एक साल से भी कम समय हुआ था। हाल में यह शहर आत्महत्या की बढ़ती संख्या को लेकर सुर्खियों में आया, जब गुजरे 27 अगस्त को महज चार घंटे के अंतर पर यहां दो छात्रों ने अपनी जान दे दी। उन्हें शामिल करते हुए इस साल जनवरी से लेकर 28 अगस्त तक कोटा में 24 छात्र अपनी जान दे चुके थे। इसके पहले दिसंबर 2022 में चार छात्रों ने आत्महत्या की थी। खबरों के मुताबिक पिछले 12 साल में 150 से ज्यादा छात्र यहां खुदकुशी कर चुके हैं। जानकारों का कहना है कि छात्रों पर बढ़ने वाले मनोवैज्ञानिक दबाव के पीछे एक प्रमुख कारण यहां के कोचिंग का सिस्टम है। कोचिंग संस्थान 700 नंबर के इस टेस्ट के रिजल्ट के आधार पर छात्रों की रैंकिंग और ग्रेडिंग तय करते हैं।

500 से ज्यादा नंबर लाने वाले छात्रों की रैंकिंग अच्छी मानी जाती है और उन पर कोचिंग संस्थानों का ज्यादा फोकस होता है। ऐसे में जो बच्चे कम नंबर लाते हैं, वे अपने नंबरों से तो परेशान होते ही हैं, साथ ही उन्हें यह डर भी सताने लगता है कि अब संस्थान भी उन पर कम ध्यान देगा। इस कारण अक्सर वे डिप्रेशन का शिकार हो जाते हैं। आत्महत्या के बढ़ते मामलों से चिंतित राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने पिछले दिनों कोचिंग संस्थानों को कुछ निर्देश दिए। इनमें रविवार को टेस्ट नहीं लेने, दो सप्ताह में एक बार छात्र-छात्राओं की सेहत की जांच कराने, पढ़ाई का बोझ नहीं डालने जैसे निर्देश शामिल हैं। कोटा के कलेक्टर ने कोचिंग संस्थानों में दो महीने तक टेस्ट ना कराने का निर्देश जारी किया है। लेकिन जो समस्या करियर के लिए माहौल और परिवार के दबाव से जुड़ी है, क्या उसका समाधान ऐसे उपायों से हो सकता है।

# व्लादिमीर पुतिन के नए यार

//श्रुति व्यास//

**जहां पश्चिमी देश व्लादिमीर पुतिन से दूरी बना रहे हैं, वहीं पुतिन कई नए यार बना रहे हैं। उनके ये नए यार उनके जैसे ही हैं-सत्ता के भूखे और पश्चिमी देशों को नीची निगाहों से देखने वाले। इन नए यारों की लिस्ट में सबसे ऊपर हैं किम जोंग-उन। अपने देश से बहुत कम बाहर निकलने वाले किम जोंग इसी महीने एक बख्तरबंद रेलगाड़ी से प्योंगयांग से रूस के प्रशांत सागर तट पर स्थित व्लादिवोस्तोक शहर पहुंचेंगे, जहां वे पुतिन से साथ काम की बातें करेंगे। पुतिन चाहते हैं कि किम जोंग रूस को गोला-बारूद और टैंक-रोधी मिसाइलें दें और किम चाहेंगे कि रूस उनके देश को उपग्रह और परमाणु-शक्ति से चलने वाली पनडुब्बियों की उन्नत टेक्नोलॉजी उपलब्ध कराए। साथ ही उनके दरिद्र देश को खाद्यान्न भी दे।**

इस बीच सोमवार को पुतिन ने तुर्की के राष्ट्रपति रेचेप तैय्यप अर्दोआन से मुलाकात की। दोनों देशों की पार्टनरशिप को विस्तार देने पर बातचीत की। कुछ महीने पहले तक पश्चिम में अटकलें लगाई जा रहीं थीं कि अर्दोआन और पुतिन के बीच दूरियां बढ़ रही हैं। लेकिन इस मुलाकात से पश्चिम में दुबारा चिंता बनी है। इन दोनों नेताओं के एकसाथ नजर आने से साफ हुआ है कि उनके रिश्ते कायम हैं और संभवतः और मज़बूत होंगे क्योंकि साझेदारी से दोनों को फायदा ज्यादा है और नुकसान कम।तुर्की ने पश्चिमी प्रतिबंधों को लागू नहीं किया है और वह रूस को जरूरी चीजों की सप्लाई का महत्वपूर्ण जरिया बना हुआ है। दूसरी तरफ आर्थिक संकटों से जूझ रहे तुर्की के लिए रूस एक बड़ा बाजार है। तेल का भुगतान देरी से करने की सुविधा व तुर्की को केन्द्रीय बैंक में धन जमा कर रूस, तुर्की की अर्थव्यवस्था को भी सहारा दे रहा है। और किम जोंग-उन के विपरीत, जो पुतिन की तरह पश्चिम के बहिष्कारों का सामना कर रहे हैं, अर्दोआन के दोनों हाथों में लड्डू हैं।अर्दोआननाटो में स्वीडन की एंट्री के लिए राजी हुए। उन्होंने अमेरिका में जो बाइडन से मुलाकात भी की। सोमवार को यह और साफ हो गया कि तुर्की और रूस के संबंध कितने गहरे होते जा रहे हैं। दोनों के बीच व्यापार से तुर्की को फायदा हुआ है, रूसी पर्यटक ज्यादा संख्या में तुर्की जा रहे हैं, एनर्जी से जुड़े मसलों पर दोनों देशों का आपसी सहयोग बढ़ा है और उनकी योजना भविष्य में इसे और आगे बढ़ाने की है। अर्दोआन बहुत खुश हैं कि रूस तुर्की के भूमध्यसागर तट के पास एक न्यूक्लियर पॉवर प्लांट बना रहा है और उसने दूसरा प्लांट बनाने की पेशकश की है।दूसरी ओर उत्तर कोरिया के मामले में रूस-उत्तर कोरिया संबंधों का मजबूत होना दोनों देशों के लिए फायदेमंद है क्योंकि दोनों के ही बहुत कम मित्र हैं। और अमेरिका दोनों का साझा शत्रु है। व्हाइट हाउस ने चेतावनी दी है कि पुतिन और किम के बीच पत्रों के जरिए हथियारों के सौदे को लेकर विचारों का आदान-प्रदान हुआ है। बताया जाता है कि किम अक्सर उन विदेशी नेताओं को स्नेहपूर्ण और कई बार भावुक पत्र लिखते हैं जिन्हें वे अपना मित्र या संभावित मित्र मानते हैं। उनके व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच आमने-सामने की ऐतिहासिक मुलाकात के पहले कई पत्रों का आदान-प्रदान हुआ था। अमेरिका ने उत्तर कोरिया और रूस के आपसी सहयोग के बारे में सबसे पहले करीब एक साल पहले चेताया था। अधिकारियों ने सार्वजनिक किए गए अमरीकी जासूसी संस्थाओं के दस्तावेजों का हवाला देते हुए कहा था कि रूस, यूक्रेन में इस्तेमाल के लिए तोप के गोले खरीदने की योजना बना रहा है। तुर्की और उत्तर कोरिया के अलावा, पुतिन को ईरान और चीन के रूप में मददगार दोस्त मिलते प्रतीत हो रहे हैं। ईरान ने रूस को ड्रोन दिए हैं और वह एक ड्रोन निर्माण इकाई बनाने में भी रूस की सहायता कर रहा है। चीन भी रूस की सेना के लिए उपयोगी तकनीकी दे रहा है। व्लादिमीर पुतिन अकेले नहीं हैं। उन्हें यार मिल गए हैं जो उन्हें यूक्रेन की लड़ाई तेज करने में मदद कर रहे हैं। पुतिन इस स्थिति को तब तक बनाए रखना चाहते हैं जब उनके सबसे अच्छे मित्र डोनाल्ड ट्रंप राष्ट्रपति का चुनाव जीत नहीं जाते। आततायी कभी अकेले नहीं पड़ते, क्योंकि दुनिया में नायक कम हैं खलनायक ज्यादा।

## कूटनीति भी है चुनाव का औजार

पहले प्रधानमंत्री पंडित नेहरू से लेकर मौजूदा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सभी को कूटनीति का चस्का रहा है। सारे प्रधानमंत्री घरेलू नीतियों के साथ साथ विदेश नीति को भी साधने और दुनिया में अपना नाम बनाने का प्रयास करते रहे हैं। इसके हवाले फिर चाहे नेहरू हों या वाजपेयी और मनमोहन सिंह या मोदी सबने किसी न किसी रूप में कूटनीति का राजनीतिक और चुनावी इस्तेमाल भी किया है। वाजपेयी की लाहौर की बस यात्रा रही हो या मनमोहनसिंह की परमाणु संधि इन सबका चुनाव में इस्तेमाल हुआ और पार्टियों को फायदा मिला। अब नरेंद्र मोदी कूटनीति का राजनीतिक इस्तेमाल कर रहे हैं। उनका हर विदेश दौरा एक मैसेज लिए होता है।

मिसाल के तौर पर वे दक्षिण अफ्रीका में ब्रिक्स देशों का सम्मेलन अटेंड करने के बाद यूनान गए तो प्रचार का सारा फोकस इस बात पर रहा कि 40 साल के बाद कोई भारतीय प्रधानमंत्री यूनान गया है और यूनान वह देश है, जो तुर्किये का विरोधी है और तुर्किये वह देश है, जिसने कश्मीर पर पाकिस्तान का साथ दिया था। सो, यूनान को ब्रह्मोस देने की बात भी भारत और पाकिस्तान के संबंधों और कश्मीर के साथ जुड़ गए। इस किस्म के नैरेटिव भारतीय मीडिया में हर विदेश यात्रा में बनते हैं। दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में प्रधानमंत्री ब्रिक्स देशों के सम्मेलन में शामिल हुए। उन्होने सर्वानुमति में ब्रिक्स के विस्तार का समर्थन किया। इससे ठीक पहले प्रधानमंत्री ने लाल किले से अपने 10वें भाषण में कहा था कि जिस तरह से दूसरे महायुद्ध के बाद एक नई विश्व व्यवस्था बनी थी उसी तरह कोरोना के बाद एक नया वर्ल्ड ऑर्डर बन रहा है, जिसमें भारत का स्थान प्रमुख है। ब्रिक्स सम्मेलन से पहले से ही प्रचार था कि ग्लोबल साउथ के देश भारत को अपना नेता मान रहे हैं।

## तस्वीरों की दुनिया



नई दिल्ली में जी20 शिखर सम्मेलन से पहले हवाई अड्डे पर आगमन पर अर्जेंटीना के राष्ट्रपति अल्बर्टो फर्नांडीज का केंद्रीय ग्रामीण विकास और इस्पात राज्य मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते द्वारा स्वागत किया गया।





स्पेन की प्रथम उपराष्ट्रपति और अर्थव्यवस्था और डिजिटल परिवर्तन मंत्री नादिया कैल्विनो का नई दिल्ली में जी20 शिखर सम्मेलन से पहले आगमन पर स्वागत किया गया।



नई दिल्ली में जी20 शिखर सम्मेलन से पहले हवाई अड्डे पर पहुंचने पर इटली की प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी का केंद्रीय मंत्री शोभा करंदलाजे द्वारा स्वागत किया गया।



बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना का नई दिल्ली में आगामी जी20 शिखर सम्मेलन के लिए आगमन पर हवाई अड्डे पर रेलवे और कपड़ा राज्य मंत्री दर्शना जरदोश द्वारा स्वागत किया गया।



केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण नई दिल्ली में नाइजीरिया के वित्त मंत्री और अर्थव्यवस्था के समन्वय मंत्री अदेबायो ओलावले एडुन के साथ द्विपक्षीय बैठक के दौरान।



क्वीन मैरी कॉलेज में रवींद्रनाथ टैगोर की प्रतिमा के उद्घाटन के दौरान तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन अन्य लोगों के साथ।

# जमीन पर गिराकर कनपटी पर सटाया कट्टा, जान से मारने की धमकी......

**नूंह, 09 सितम्बर [एजेंसी]।**

31 जुलाई को नूंह के बाद नगीना के बड़कली चौक में हुई हिंसा में शामिल रहे मूलाथान गांव के रहने वाले आरोपित शहनवाज का एक और कृत्य सामने आया है। आरोपित ने अपने गांव की महिला सरपंच के ससुर नंदकिशोर के साथ मारपीट की। आरोप हैं कि बुजुर्ग को पहले जमीन पर गिरा कर लात-घूसें से मारा फिर कट्टा कनपटी पर लगा जान से मारने कीर धमकी दी। आरोपित इसलिए खफा था कि बड़कली चौक पर हिंसा करने वाले के नाम पीड़ित की ओर से पुलिस को बताए गए थे। उक्त आरोप लगाते हुए पीड़ित ने नगीना थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस आरोपित की खोजबीन कर रही है। पुलिस को दी गई शिकायत में पीड़ित ने आरोप लगाया कि शहनवाज फिरोजपुर झिरका के कांग्रेसी विधायक मामन खान का करीबी है। वह खुद को विधायक का दाहिना हाथ बताता है। उसके संबंध उन लोगों से भी हैं जो पाकिस्तान में रहकर मेवात में भाई-चारे को खराब करने वाले संदेश डालते हैं। उनके वाट्सएप ग्रुप से भी शहनवाज जुड़ा हुआ



है। हिंसा से पहले से शहनवाज ग्रुप पर भड़काऊ पोस्ट डाल चुका है। ग्रुप में आने वाली पोस्ट को वह यहां के युवाओं को भी भेजता है। बड़कली चौक पर हुई हिंसा में भी उसकी भूमिका रही है। अब जब पुलिस हिंसा आरोपितों को पकड़ रही है तो वह बेचैन है। चार सिंतबर को जब नंदकिशोर अपने ही गांव में रहने वाले एक व्यक्ति के घर पर गया हुआ था तो शहनवाज वहीं पहुंच गया और उनके साथ मारपीट की। नगीना थाना प्रभारी रतन सिंह ने बताया कि शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। शहनवाज के पकड़े जाने के बाद सभी आरोपों को लेकर उससे पूछताछ की जाएगी और उसके मोबाइल की जांच करने के लिए साइबर सेल की मदद ली जाएगी। 31 जुलाई को हुई हिंसा से पहले तथा बाद तक इंटरनेट मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट डालने वाले आरोपितों में से परवेज को पुलिस ने गिरफ्तार कर एक दिन कीर पुलिस रिमांड पर लिया है।

आरोपित शहनवाज को बृहस्पतिवार को गिरपुतार कर शुक्रवार को अदालत में पेशकर एक दिन रिमांड पर लिया गया। खुद को एक जिला परिषद के सदस्य का प्रतिनिधि बताने वाले परवेज ने सौ से अधिक भड़काऊ पोस्ट विभिन्न वाट्सएप ग्रुप पर डाली थी। फेस बुक पर भी उसने पोस्ट डालने के अलाव विवादित वीडियो अपलोड किए थे। पुलिस से बचने के लिए वह कई दिन से भरतपुर में रह रहा था। बृहस्पतिवार को जैसे ही वह नगीना आया पुलिस ने उसे दबोच लिया। हिंसा में जो भी आरोपित शामिल रहे हैं उन्हें पकड़ा जा रहा है। शहनवाज पर जो आरोप लगे हैं उनकी जांच चल रही जल्द ही उसे भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# दिल्ली में दिखा प्रतिबंध का खासा असर आम दिनों के मुकाबले कारोबार में गिरावट




**नईदिल्ली, 09 सितम्बर [एजेंसी]।**

जी-20 सम्मेलन के मद्देनजर लगाए गए प्रतिबंध के क्षेत्र से बाहर पुरानी दिल्ली के थोक बाजार शुक्रवार को खुले तो रहे, लेकिन आम दिनों के मुकाबले कारोबार बमुश्किल 20 प्रतिशत ही रहा। दिल्ली के कई मार्गों पर यातायात प्रतिबंध के चलते खरीदारों ने बाजार आने से परहेज किया। यहीं नहीं, दरीबा कलां समेत कई बाजारों में 50 प्रतिशत तक दुकानें भी बंद दिखी। चांदनी चौक में जो दुकानें खुली थी, उनपर खरीदार न के बराबर होने से शाम ढलते ही वे भी बंद होने लगी और आठ बजे तक अधिकतर बाजारों में सन्नाटा पसर गया। चांदनी चौक, सदर बाजार, खारी बावली, कश्मीरी गेट व चावड़ी बाजार में कमोबेश एक सही तस्वीर थी। नई दिल्ली में प्रतिबंध के दायरे से बाहर के बाजार करोलबाग, गफ्फार मार्केट समेत अन्य बाजारों में भी काफी कम ग्राहक दिखाई पड़े। दुकानदारों के मुताबिक इन थोक बाजारों में खरीदार दिल्ली के विभिन्न क्षेत्रों से नहीं बल्कि विभिन्न राज्यों से आते हैं, जिनमें यह भ्रम है कि दिल्ली के साथ ही यहां के सभी बाजार बंद हैं। इसी तरह जिन्हें बाजार खुले होने की भी जानकारी है, लेकिन वह बाजार आने के दौरान सुरक्षा संबंधित किसी परेशानी में आने से बचने के लिए बाजारों का रुख नहीं कर रहे हैं। इसके चलते कई दुकानदार और दुकानों पर काम करने वाले कर्मचारी भी बाजारों में नहीं आए। दुकानदारों ने कहा कि रविवार तक पुरानी दिल्ली के बाजारों में यहीं स्थिति रहने वाली है। जब तक कि दिल्ली में जी-20 का सम्मेलन चलेगा। द हिंदुस्तानी मर्केंटाइल एसोसिएशन के महासचिव श्रीभगवान बंसल ने कहा कि इन तीन दिनों में व्यवसायिक वाहनों के प्रवेश तथा लोडिंग-अनलोडिंग भी प्रतिबंधित है।

ट्रांसपोर्टर माल की बुकिंग नहीं कर रहे हैं। ऐसे में थोक बाजारों का कारोबार प्रभावित होना लाजमी है। वहीं, चैंबर आफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री (सीटीआई) के चेयरमैन बृजेश गोयल कहते हैं कि काफी लोग तीन दिन छुट्टी होने की वजह से बाहर घूमने भी चले गए हैं। इसलिए बाजारों में यह स्थिति देखने को मिल रही है। आल इंडिया मोटर एंड गुड्स ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा के मुताबिक सभी व्यवसायिक वाहनों को बार्डर के पहले ही रोक दिया जा रहा है।

## ग्रेटर नोएडा में टेंट के गोदाम में लगी आग मौके पर पहुंची दमकल की चार गाड़ियां



**ग्रेटर नोएडा , 09 सितम्बर [एजेंसी]।**

इकोटेक तीन कोतवाली क्षेत्र में एक टेंट के गोदाम में शुक्रवार को देर रात आग लगा गई। आज की सूचना पुलिस व फायर विभाग को दी गई । विभाग की टीम ने लगभग एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया।आग के कारण वहां पर रखा लाखों रुपए का सामान जल गया। आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हुआ है, लेकिन संभावना जताई जा रही है कि शॉर्ट सर्किट के कारण आज लगी है।इकोटेक तीन के खैरपुर गांव में एक टेंट के गोदाम में रात के समय अचानक आग लग गई। आग की तेज लपट से आसपास लोगों में अफरा तफरी मचा गई। गोदाम में मौजूद सुरक्षा गार्ड ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली।लोगों ने पुलिस व दमकल विभाग की टीम को आग लगने की सूचना दी। कुछ देर बाद में मौके पर दमकल की चार गाड़िया पहुंच गई है । आग को देखते हुए मौके पर कुछ अन्य गाड़ियों को भी बुलवाया गया ईकोटेक तीन फायर स्टेशन प्रभारी अजय कुमार का कहना है कि आग पर लगभग पूरी तरह से काबू पा लिया गया है। आग से किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है।

# दिल्ली में लू से निपटने के लिए 10 हॉट स्पॉट तैयार

**नईदिल्ली, 09 सितम्बर [एजेंसी]।**

वायु प्रदूषण ही नहीं, अब दिल्ली में भीषण गर्मी और लू के भी हाट स्पाट होंगे। ये वह स्थान हैं, जहां गर्मी अपेक्षाकृत ज्यादा पड़ती है और लू का प्रभाव भी कहीं अधिक होता है। दरअसल, दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) ने पहली बार दिल्ली का हीट एक्शन प्लान तैयार किया है। इसमें लू व गर्मी की दृष्टि से 10 सर्वाधिक संवेदनशील जगहों को हाट स्पाट के तौर पर चिह्नित किया गया है।




गौरतलब है कि जलवायु परिवर्तन और वैश्विक तापमान में बढ़ोतरी के चलते एक प्राकृतिक आपदा के तौर पर लू के और ज्यादा खतरनाक होने की आशंका है। इसके संकेत भी लगातार मिल रहे हैं। एक शोध के मुताबिक वर्ष 1971 से वर्ष 2019 के बीच देशभर में लू के चलते 17 हजार से ज्यादा लोगों की जान चली गई। इसी के चलते सभी राज्यों द्वारा हीट एक्शन प्लान बनाने की आवश्यकता महसूस की जा रही है। डीडीएमए ने हीट एक्शन प्लान तैयार कर स्वीकृति के लिए एनडीएमए को सौंप दिया है। इसमें दिल्ली के लू के समय उठाए जाने वाले कदमों और जनता के लिए परामर्श भी दिया गया है। डीडीएमए के अनुसार जहांगीरपुरी, प्रेमबाड़ी पुल, शकूर की दांडी, खयाला की स्लम बस्ती, रेवाड़ी रेलवे लाइन के पास बसी मायापुरी स्लम बस्ती, समालखा के पास स्लम बस्ती, इंदिरा कल्याण विहार, संजय कालोनी ओखला फेज-2, न्यू संजय अमर कालोनी-विश्वास नगर, बुलंद मस्जिद स्लम गर्मी के हाट स्पाट में शामिल हैं। निगम वार्डों के अनुसार हरकेश नगर, खयाला, वजीरपुर, बिजवासन, विश्वास नगर, हरी नगर, जहांगीरपुरी, दिल्ली गेट और शास्त्री पार्क को सबसे ज्यादा संवेदनशील इलाकों में शामिल किया गया है।

## शराब के लिए दोस्त ने नहीं दिए पैसे तो आग बबूला हो गया शख्स, पत्थर से सिर फोड़कर उतारा मौत के घाट



**नोएडा, 09 सितम्बर [एजेंसी]।**

सेक्टर-49 स्थित बरौला गांव में ढाबे पर काम करने वाले युवक के हत्यारोपित दोस्त को पुलिस ने शुक्रवार को सेक्टर-47 स्थित रेड लाइट के पास से गिरफ्तार किया है। आरोपित ने शराब के पैसे न देने पर घटना को अंजाम दिया था। पुलिस ने आरोपित के पास से कत्ल करने के लिए इस्तेमाल एक पत्थर को भी झाड़ियों से बरामद किया है।बुलंदशहर का पिंटू सिंह (31) बरौला गांव में साईं ढाबे पर काम करता था। उसकी केबल की दुकान पर काम करने वाले अमरोहा के मोनू सिंह से दोस्ती थी। बुधवार रात करीब आठ बजे पिंटू ने ढाबे से पांच सौ रुपये लेकर मोनू के साथ शराब पीने के लिए ठेके पर पहुंचा था।पुलिस के मुताबिक, यहां दोनों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हुई। वापसी के दौरान बरौला-टी प्वाइंट के पास दोनों पहुंचे तो मोनू ने शराब के नशे में पिंटू के सिर पर पत्थर से वार कर हत्या कर दी। आरोपित शव को झाड़ियों में छिपाकर फरार हो गया था।अगले दिन सुबह जब राहगीर घटनास्थल के पास से गुजरे तो उन्हें जानकारी हुई। इसके बाद लोगों ने पुलिस को सूचना दी थी। पुलिस के मुताबिक, घटना वाले दिन पिंटू और मोनू ने शराब पी थी। पिंटू के पास साढ़े 12 सौ रुपये और थे। मोनू और शराब पिलाने की जिद कर रहा था।

पिंटू के मना करने पर मोनू आग बबूला हो गया और उसे मौका पाकर झाड़ियों में उसने पिंटू की हत्या कर दी। हालांकि मृतक के एक अन्य साथी का कहना है कि कपड़े के पैसे को लेकर आरोपित ने शराब के नशे में युवक की हत्या की है। सिर पर पत्थर मारने से पहले पिंटू का गला दबाया था।पिंटू पांच साल पहले काम के लिए सिलसिले में नोएडा आया था। उसके माता-पिता की मौत हो चुकी है। घर के अन्य सदस्यों का खर्चा पिंटू भेजता था। घटना के बाद नोएडा पहुंचा पिंटू का भाई शव देखकर बिलख पड़ा। घटना से परिवार में मातम छाया है।

# सतत विकास व जलवायु परिवर्तन से मुकाबले के लिए एमडीबी प्रारूप में बदलाव पर जोर, वित्तीय संकट से उबरने होगी मदद




**नईदिल्ली, 09 सितम्बर [एजेंसी]।**

जी-20 की शीर्ष बैठक में भारत मल्टीलैटरल डेवलपमेंट बैंक (एमडीबी) के लोन देने के तरीके और बैंकों के प्रारूप में पूरी तरह से बदलाव करवाना चाह रहा है ताकि गरीब और विकासशील देशों को वैश्विक माहौल की वजह से उत्पन्न चुनौतियों से निपटने के लिए वित्तीय मदद मिल सके। उन गरीब देशों को भी वित्तीय संकट से उबरने का मौका मिलेगा जो कोरोना की वजह से आर्थिक दुष्चक्र में फंस गए और अब उन्हें नए लोन नहीं मिल रहे हैं।

भारत के इस एजेंडे पर जी-20 के देशों में सहमति तो है, लेकिन अंतिम फैसला शीर्ष नेताओं की तरफ से लिए जाएंगे। इस काम में सभी विकासशील देश भारत का साथ दे रहे हैं।वित्त मंत्रालय के सचिव अजय सेठ ने भी शुक्रवार को कहा कि भारत एमडीबी को और मजबूत करवाना चाहता है। मुख्य रूप से भारत जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने और विकासशील व गरीब देशों के सतत विकास के लिए एमडीबी को मजबूत करना और उनके लोन के प्रारूप में बदलाव चाहता है।जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों को कम करने के लिए ऊर्जा से लेकर यातायात तक के लिए परंपरागत माध्यम को छोड़ नए माध्यम को अपनाने की जरूरत है। इसके लिए वित्तीय फंड चाहिए।

गरीब देश बिना वित्तीय सहायता के नए माध्यम को नहीं अपना सकेंगे।वहीं, कोरोना महामारी और ठीक उसके बाद रूस-यूक्रेन युद्ध की वजह से दुनिया के दर्जनों देश वित्तीय संकट में फंस चुके हैं। वे अपने पुराने कर्ज को भी नहीं चुका पा रहे हैं।इन देशों को तत्काल वित्तीय मदद की जरूरत है और भारत इन देशों की वकालत कर रहा है। वैसे ही गरीब व विकासशील देशों में गरीबी तभी कम होगी जब वहां सतत विकास का कार्यक्रम चलाया जाएगा। तभी वहां के गरीब का उत्थान होगा।

# शिक्षा में सुधारों को लेकर साझा रणनीति के तहत काम करेंगे जी-20 देश

**नईदिल्ली, 09 सितम्बर [एजेंसी]।**

वन अर्थ, वन फैमली और वन फ्यूचर के विजन को साकार बनाने के लिए जी-20 देश अब शिक्षा में सुधारों को लेकर एकजुट होकर और साझा रणनीति के तहत काम करने को लेकर सहमत हुए है। इन देशों के बीच यह सहमति तब बनी है, जब जी-20 के कई सदस्य देशों अभी भी शिक्षा और शोध जैसे क्षेत्रों में काफी पिछड़े है।इन देशों में पढ़ने वाले बच्चों का लर्निंग आउटकम (सीखने की क्षमता) का स्तर भी विकसित देशों की तुलना में भी निचले स्तर का है। फिलहाल जी-20 देशों ने संयुक्त रूप से मिलकर एक साझा रणनीति के तहत 2030 तक लर्निंग आउटकम के स्तर को उठाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। जी-20 देशों के बीच शिक्षा में सुधार को लेकर बनी यह सहमति संयुक्त घोषणा पत्र में भी दिख सकती है, जो इस पूरे आयोजन की एक बड़ी सफलता होगी। खासकर भारत के लिए यह काफी अहम होगी, क्योंकि उच्च शिक्षा व शोध के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए उसे इन देशों के साथ साझेदारी की जरूरत होगी। भारत ने हाल ही में दुनिया के कई देशों के साथ ही ऐसी ही साझेदारी के लिए हाथ बढ़ाया है। आस्ट्रेलिया, अमेरिका सहित दुनिया के प्रमुख विश्वविद्यालयों के साथ ही दोहरे और संयुक्त डिग्री कोर्स शुरू करने की पहल की है। इतना ही नहीं आस्ट्रेलिया ने देश में अपने दो विश्वविद्यालयों के कैंपस भी खोलने का एलान किया है।जी-20 देशों ने इस दौरान शिक्षा से जुड़े अहम सुधारों को सिर्फ अपने देश तक सीमित न रखते हुए दुनियाभर में इन सुधारों को आगे बढ़ाने को लेकर भी सहमत हुआ है। इस दौरान इन अपने दीर्घकालीन व अल्पकालीन लक्ष्य भी निर्धारित किए है। इसके साथ ही एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) जैसे तकनीक की भी मदद लेने की बात कहीं गई है।बैठक में करीब 30 से ज्यादा बिंदुओं पर सभी देशों में सहमति बनी है। शिक्षा में सुधार से जुड़ी चर्चा में जी-20 देशों के साथ यूनेस्को सहित शिक्षा में सुधार पर नजर रखने वाले वैश्विक संगठनों ने भी हिस्सा लिया था। जिन्होंने सभी देशों के प्रदर्शन को सामने रखा था।

## भारत के प्रस्ताव पर सभी प्रमुख देश जी-20 में अफ्रीकन यूनियन को शामिल करने पर राजी

**नई दिल्ली 09 सितम्बर।** जी-20 के अध्यक्ष के रूप में भारत को एक बड़ी कामयाबी मिलती दिख रही है। भारत के प्रस्ताव पर समूह के सदस्य देश अफ्रीकन यूनियन को स्थायी सदस्य बनाने पर सहमत हो गए हैं। इसकी घोषणा शिखर बैठक के दौरान किए जाने की संभावना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जी-20 के सदस्य देशों के नेताओं को जून में ही इस आशय का अनुरोध पत्र भेजा था। अफ्रीकन यूनियन को यूरोपियन यूनियन की तर्ज पर सदस्य का दर्जा हासिल होगा। जी-20 का सदस्य बनने पर अफ्रीकी देश जलवायु परिवर्तन और कर्ज जैसे मसलों पर अपनी बात ज्यादा जोरदार तरीके से अंतरराष्ट्रीय मंचों पर रख सकेंगे। नाइजीरिया ने इसका श्रेय प्रधानमंत्री मोदी को देते हुए कहा कि जी-20 में अफ्रीकन यूनियन को शामिल किया जाना एक महत्वपूर्ण कदम है। अभी जी-20 में 19 देश और यूरोपियन यूनियन शामिल हैं।

## अमेरिका की पूर्व हाउस स्पीकर नैन्सी पेलोसी लड़ेंगी राष्ट्रपति पद का चुनाव, कहा- देश में लोकतंत्र दांव पर



**वाशिंगटन, 09 सितम्बर ।**

पूर्व हाउस स्पीकर नैन्सी पेलोसी ने शुक्रवार को घोषणा की कि वह 2024 में कांग्रेस के लिए फिर से चुनाव लड़ेंगी क्योंकि डेमोक्रेट बहुमत हासिल करने की कोशिश कर रहे हैं, उन्होंने कहा, लोकतंत्र दांव पर है।पेलोसी ने एक ट्वीट में कहा, अब हमारे शहर को सैन फ्रांसिस्को के मूल्यों को आगे बढ़ाने और अपनी रिकवरी को आगे बढ़ाने के लिए पहले से कहीं ज्यादा जरूरत है। हमारे देश को दुनिया को यह दिखाने के लिए अमेरिका की जरूरत है कि हमारा झंडा अभी भी वहां है, सभी के लिए स्वतंत्रता और न्याय के साथ। यही कारण है कि मैं पुनः चुनाव के लिए तैयार है और सम्मानपूर्वक आपका वोट मांगती हूं। पेलोसी के 2024 के फैसले के बारे में जानकारी देते हुए बताया गया कि पेलोसी का मानना है कि आगामी चुनाव में लोकतंत्र अधर में लटक जाएगा क्योंकि वह बाइडेन को फिर से चुनने और जेफ्रीस को अगला सदन स्पीकर बनाने के लिए काम कर रही हैं। पेलोसी सदन और प्रमुख राजनीतिक रणनीतिकारों के लिए पार्टी के सबसे विपुल धन जुटाने वालों में से एक हैं।बता दें पेलोसी को लंबे समय से रिपब्लिकन आलोचकों द्वारा एक राजनीतिक खलनायक के रूप में चित्रित किया गया है, जो उन्हें एक सुदूर वामपंथी उदारवादी के रूप में देखते हैं और उनकी छवि और कार्यों का उपयोग करके अपने लिए बड़ी रकम जुटाते हैं। पिछले साल, उनके पति, पॉल पेलोसी गंभीर रूप से घायल हो गए थे, जब एक हमलावर अमेरिकी राजनीति में अत्यधिक विभाजनकारी समय में डेमोक्रेटिक नेता की तलाश में परिवार के सैन फ्रांसिस्को स्थित घर में घुस गया था।


### कौन है बच्ची माया, जिसे अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने एयरपोर्ट पर देखते ही लगाया गले

**नई दिल्ली।** संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन जी 20 नेताओं के शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए शुक्रवार को दिल्ली पहुंचे । भारत में अमेरिकी राजदूत एरिक गार्सेटी और उनकी बेटी माया भी बाइडेन के स्वागत के लिए दिल्ली हवाई अड्डे पर थे।एक वीडियो में गार्सेटी की बेटी माया और जो बाइडन को अमेरिकी राष्ट्रपति के भारत पहुंचने के ठीक बाद बातचीत करते हुए दिखाया गया है। बाइडन ने सबसे पहले माया को गर्मजोशी से गले लगाया, उसका हाथ पकड़ा और दोनों ने लंबी बातचीत की।जो बाइडन 9-10 सितंबर को जी 20 नेताओं के शिखर सम्मेलन से पहले दिल्ली पहुंचे। 2021 में संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति बनने के बाद यह उनकी पहली भारत यात्रा है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवास पर उनके साथ द्विपक्षीय बैठक की।दो दिवसीय शिखर सम्मेलन के दौरान, भारत कुछ जटिल वैश्विक चुनौतियों जैसे ग्लोबल साउथ की चिंताओं, यूक्रेन संघर्ष के परिणाम, निराशाजनक आर्थिक परिदृश्य और खंडित भू-राजनीतिक माहौल के बीच समावेशी विकास को बढ़ावा देने पर चर्चा करेगा।

# पीएम मोदी की शेख हसीना और प्रविंद्र जगन्नाथ के साथ हुई द्विपक्षीय वार्ता, आपसी सहयोग पर हुई बातचीत

**नईदिल्ली, 09 सितम्बर [एजेंसी]।**

भारत में आज से शुरू हो रहे जी-20 शिखर सम्मेलन की मेजबानी से एक दिन पहले ही विश्व नेताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एक के बाद एक द्विपक्षीय बैठकों का सिलसिला भी शुरू हो गया।नई दिल्ली पहुंचते ही अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और प्रधानमंत्री मोदी की शुक्रवार शाम द्विपक्षीय बैठक हुई। वहीं, बाग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना और मारीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद्र कुमार जगन्नाथ के साथ भी अलग-अलग द्विपक्षीय वार्ताओं के दौर चले। मोदी-हसीना की बातचीत में भारत-बांग्लादेश के आपसी व्यापार-कारोबार, सांस्कृतिक सहयोग के साथ सुरक्षा और जल सहयोग जैसे प्रमुख मुद्दों पर सकारात्मक बातचीत हुई। समझा जाता है कि शेख हसीना ने इस वार्ता के दौरान तीस्ता नदी जल बंटवारा समझौते को साकार रूप देने को लेकर बांग्लादेश की उत्सुकता का संदेश देते हुए पीएम मोदी से इसे गति देने का आग्रह किया। विश्व नेताओं के जी 20 के लिए हुए जमघट और धुआंधार कूटनीतिक बैठकों के बीच शेख हसीना से पीएम मोदी की द्विपक्षीय वार्ता भारत-बांग्लादेश के मैत्रीपूर्ण



रिश्तों की अहमियत और गहराई का सबूत है। निकट पड़ोसी मित्र देश बांग्लादेश को भारत ने जी 20 में अतिथि देश के रूप में आमंत्रित किया है। मोदी-हसीना की सात लोक कल्याण मार्ग पर हुई द्विपक्षीय वार्ता के बाद जारी बयान में कहा गया है कि दोनों नेता आपसी हित के अंतरराष्ट्रीय और क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा की। साथ ही राजनीतिक, सुरक्षा सहयोग, आर्थिक, कनेक्टिविटी और दोनों देशों के नागरिकों के बीच संबंधों सहित द्विपक्षीय सहयोग में प्रगति का सकारात्मक मूल्यांकन किया। डिजिटल भुगतान, संस्कृति और कृषि में सहयोग पर 3 समझौता ज्ञापनों के आदान-प्रदान का भी दोनों नेताओं ने स्वागत किया। इस दौरान मोदी-हसीना ने सीमा प्रबंधन, व्यापार और कनेक्टिविटी, जल संसाधन, बिजली व ऊर्जा, विकास सहयोग, सांस्कृतिक संबंधों सहित द्विपक्षीय सहयोग के संपूर्ण आयाम पर भी खुली बात की। साथ ही दक्षिण एशिया क्षेत्र में वर्तमान विकास और बहुपक्षीय मंचों पर सहयोग पर भी चर्चा की गई। तीस्ता नदी समझौते का बयान में सीधे कोई उल्लेख नहीं किया गया है लेकिन बांग्लादेश पक्ष से मिली जानकारी के अनुसार, हसीना ने इस समझौते को जल्द सिरे चढ़ाने का आग्रह किया। तीस्ता समझौता हसीना के लिए इसलिए भी अभी अहम है कि वहां जल्द ही आम चुनाव होने वाले हैं और बांग्लादेश में इस मुद्दे की सियासी संवदेनशीलता गहरी है।मोदी-हसीना बैठक के बाद पीएमओ की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि दोनों नेताओं चटग्राम और मोंगला बंदरगाहों के उपयोग और भारत-बांग्लादेश मैत्री पाइपलाइन के चालू होने पर समझौते के कार्यान्वयन का स्वागत किया। भारतीय रुपये में द्विपक्षीय व्यापार के निपटान संचालन की भी सराहना की। साथ ही दोनों देशों ने अपने व्यापारिक समुदाय को इस तंत्र का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करने पर सहमति जताई।

मोदी-हसीना ने व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते (सीईपीए) पर बातचीत शुरू होने की उम्मीद भी जताई, जिसमें वस्तुओं, सेवाओं में व्यापार और निवेश की सुरक्षा और प्रचार शामिल है। विकास सहयोग परियोजनाओं के कार्यान्वयन पर संतुष्टि व्यक्त करते हुए दोनों नेताओं ने अगरतला-अखौरा रेल लिंक, द्वितीय. मैत्री पावर प्लांट की यूनिट, खुलना-मोंगला रेल लिंक के जल्द संयुक्त उद्घाटन की उम्मीद भी जताई।साथ ही भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) और बांग्लादेश बैंक के बीच डिजिटल भुगतान तंत्र में सहयोग पर समझौता, 2023-2025 के लिए भारत और बांग्लादेश के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम के नवीनीकरण और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद तथा बांग्लादेश कृषि अनुसंधान परिषद के बीच समझौते का भी स्वागत किया।पीएम मोदी ने म्यांमार में राखीन राज्य से विस्थापित दस लाख से अधिक रोहंग्यिा शरणार्थियों का बांग्लादेश द्वारा उठाए गए बोझ की सराहना की।

# एसईसीएल की खदानों पर चोरों की गिद्धदृष्टि प्रबंधन ने 20 टन कोयला जब्त किया

**बिश्रामपुर।** कोयला कबाड़ एवं अन्य अवैध कारोबारों पर रोक लगाने के एसपी के दावे के बीच एसईसीएल की आमगांव ओपन कास्ट परियोजना समेत गायत्री कोयला खदान से कोल माफियाओं के इशारे पर कोयला चोरी प्रारंभ हो गया है। खदानों से चोरी किए गए कोयला को ट्रकों के माध्यम से अंबिकापुर में खपाया जा रहा है। आमगांव खदान से कोयला चोरी कर खदान के समीप भंडारित किए जाने की सूचना के बावजूद 12 घंटे तक पुलिस के नहीं पहुंचने पर एसईसीएल प्रबंधन खदान के बाहर भंडारित करीब 20 टन कोयला पे लोडर से ट्रक में उठाकर खदान परिसर में ले आया है। खान प्रबंधन ने बड़े पैमाने पर कोयला चोरी की लिखित शिकायत शुक्रवार को रामानुजनगर थाना समेत कलेक्टर एवं एसपी से की है।



लंबे समय से थमा कोयला का अवैध कारोबार एक बार फिर सूरजपुर जिले में तेजी से प्रारंभ हो गया है। सूरजपुर एसपी द्वारा पत्रकार वार्ता में बार बार कोयला, कबाड़ समेत अवैध कारोबार पर सख्ती से रोक लगाए जाने की बात कही जाने के बीच एक बार फिर एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र की आमगांव ओपन कास्ट परियोजना एवं गायत्री भूमिगत परियोजना में कोल माफिया सक्रिय हो गए हैं। कोल माफियाओं द्वारा कोयला खदान के आसपास के ग्रामों के ग्रामीणों को प्रलोभन देकर बहुतायत में कोयला खदानों से कोयला चोरी करवा कर खुलेआम खरीदा जा रहा है। उसके बाद ट्रकों के माध्यम से चोरी का कोयला बेधड़क अंबिकापुर एवं अन्य स्थानों पर खपाया जा रहा है। इतना ही नहीं कोल माफियाओं द्वारा पुलिस के आला अधिकारियों से सेटिंग होने की बात कह कर कोयला चोरी का विरोध करने वालों को धमकाया भी जा रहा है। जिससे पुलिस विभाग की छवि भी धूमिल हो रही है। वहीं खदान के आसपास संचालित वैध एवं अवैध ईंटा भट्ठों में भी खदानों से चोरी हो रहे कोयले की अवैध खरीदी बेरोकटोक जारी है। क्षेत्र की आमगांव कोयला खदान के समीप मैदान में अंबिकापुर के एक कोल माफिया द्वारा खदान से हो रहे चोरी के कोयला की खरीदी प्रारंभ किए जाने की सूचना पर बीते गुरुवार की देर शाम एसईसीएल के सब एरिया मैनेजर एमके चौधरी, खान प्रबन्धक भोई, क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी पार्थ चटर्जी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने कोयला चोरी एवं कोयल की अवैध खरीदी किए जाने की सूचना मोबाइल के जरिए तत्काल एसडीओपी एवं रामानुजनगर थाना प्रभारी को देते हुई वस्तु स्थिति से अवगत करने के साथ ही कार्रवाई की मांग की। उसके बावजूद पुलिस टीम मौके पर नहीं पहुंची। सूचना के बावजूद पुलिस के मौके पर नहीं पहुंचने से पुलिस की कार्यशैली पर भी सवालिया निशान लगना लाजमी है। पुलिस टीम के नहीं पहुंचने पर शुक्रवार को दिन में एसईसीएल की टीम ने खदान से चोरी कर बाहर मैदान में भंडारित किये गए कोयले को पेलोडर के जरिए ट्रक में लोड कर कर खदान परिसर में डंप करा लिया है।



# गांजा बेचने वाले तस्कर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**मनेंद्रगढ़/खड़गवां।** जिले के खड़गवां थाना अंतर्गत अवैध मादक पदार्थ गांजा का परिवहन और बिक्री करने के मामले में पुलिस ने कार्यवाही करते हुए 1 आरोपी से 1 किलो 400 ग्राम गांजा जप्त कर लिया है। गांजे की कीमत लगभग 16 हजार रुपये बताई जा रही है।

मामले की जानकारी देते हुए थाना प्रभारी खड़गवां विजय सिंह ने बताया की पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा अकित गर्ग के द्वारा रेंज के द्वारा समस्त पुलिस अधीक्षकों को अवैध गांजा, शराब, सटटा, जुआ कबाड़ पर कार्यवाही करने के लिये निर्देशित किया गया था।

जिस संबंध में पुलिस अधीक्षक एमसीबी सिद्धार्थ तिवारी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एमसीबी निमेश बरैया के निर्देशानुसार तथा नगर पुलिस अधीक्षक पी.पी.सिंह के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी खड़गवा विजय सिंह के नेतृत्व में 7 सितम्बर 2023 को मुखबिर से सूचना मिली की खड़गवां का प्रताप सिंह एक झोला में अवैध गाजा रखकर बिकी करने पोडीडीह रहा है। मुखबिर की सूचना पर थाना प्रभारी खडगवा के द्वारा टीम गठित कर रेड कार्यवाही कर प्रताप सिंह के कब्जे से 1 किलो 400 ग्राम मादक पदार्थ गांजा मिला जिसकी कीमत लगभग 16000 रुपये है। आरोपी के विरूद्ध धारा 20(बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही कर न्यायिक रिमांड में भेज दिया गया है। सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी खडगवा विजय सिंह, सहायक उपनिरीक्षक रामबाबू पोहरे और धर्मेन्द्र पटेल, आरक्षक मो. आजाद, अनिल यादव, सैनिक, प्रमोद साहु, महिला आरक्षक बन्दलेखा का सराहनीय

# प्राकट्य दिवस पर बच्चों ने किया प्रदर्शन




**मनेन्द्रगढ़।** भक्ति और उत्साह से सराबोर छात्र-छात्राओं ने अपने कला की विभिन्न विधाओं के माध्यम से इस उत्सव में कोई कसर नही रख छोड़ा। मौका था कृष्ण-जन्माष्टमी का और स्थान मनेंद्रगढ़ का प्रसिद्ध और अग्रणी दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल।

विद्यालय के प्राचार्य डॉ. बसंत कुमार तिवारी द्वारा बाल-गोपाल के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन व माखन भोग के साथ कृष्ण-पूजन कर उत्सव का शुभारंभ किया गया। पूजन में विद्यालय की निदेशिका श्रीमती पूनम सिंह के साथ सभी शिक्षकगण तथा छात्र-छात्राओं की भी सहभागिता रही। बाल-गोपाल को झूला झुलाया जाना आकर्षण के केंद्र में रहा। विद्यालय के प्राथमिक कक्षाओं के नन्हे-मुन्ने बालक-बालिकाओं ने नटखट नंद गोपाल तथा राधा रानी की वेशसज्जा में अपनी प्रस्तुति देकर कार्यक्रम में चार- चाँद लगा दिया। इसके अलावा विभिन्न वर्गों के छात्र- छात्राओं द्वारा कृष्ण-भक्ति को केन्द्र में रखते हुए गायन एवं नृत्य जैसे कार्यक्रमों की प्रस्तुति बहुत मनमोहक रही। इस अवसर पर नौनिहालों द्वारा चित्रकला तथा बांसुरी द्वारा कृष्ण झूले के साज सज्जा को पूर्ण किया गया। कार्यक्रम के समापन से पूर्व प्राचार्य डॉ. तिवारी ने अपने संभाषण में भगवान श्रीकृष्ण के पांच मुख्य चरित्र की चर्चा करते हुए उन्हें खुद के लिए अपनाये जाने को इस उत्सव का वास्तविक जीवन में औचित्य बताया। इसके बाद उमंग एवं उत्साह के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# गुणवत्तापूर्ण स्कूलों की स्थापना के लिये बच्चों ने दिया जोर

**कोरिया।** एक अनूठी पहल में छत्तीसगढ़ के बच्चों ने 20 बिंदुओं के साथ बाल घोषणापत्र तैयार किया है। इस घोषणा पत्र के तहत, बच्चों ने अपनी प्रमुख मांगों में, सभी ग्राम पंचायतों में गुणवत्तापूर्ण स्कूल, खेल के मैदान और पुस्तकालय खोलने को प्राथमिकता देने की माँग की है। उन्होंने अपनी मांगों में आगे कहा, कि राज्य और स्थानीय सरकारों द्वारा बच्चों से संबंधित कार्यक्रमों के लिए अधिक धन आबंटित और उपयोग किया जाना चाहिए। बच्चों का यह घोषणा पत्र, राज्य के विभिन्न जिलों में 500 से अधिक बाल सभाओं और 100 महिला सभाओं के आयोजन के माध्यम से, तकरीबन 25,000 से अधिक बच्चों से विचार-विमर्श और परामर्श करने के बाद तैयार किया गया है। बाल घोषणा पत्र, छत्तीसगढ़ बाल अधिकार वेधशाला (सीसीआरओ) के समन्वय से तैयार किया गया, जो यूनिसेफ के द्वारा समर्थित है, जिसके अंतर्गत राज्य में बाल अधिकारों को बढ़ावा देने और निगरानी के लिए, कार्य करने वाले 100 से अधिक नागरिक सामाजिक संगठन शामिल हैं। जॉब जकरिया, प्रमुख यूनिसेफ छत्तीसगढ़ ने इस संदर्भ में अपने वक्तव्य में कहा कि, बच्चों को प्रभावित करने वाले मामलों पर उनके विचारों और सुझावों को सुना जाना चाहिए। आगे उन्होंने कहा की, बच्चों के अधिकारों पर संयुक्त राष्ट्र कन्वेंशन के अनुसार बच्चों को अपने जीवन से संबंधित मामलों में राय व्यक्त करने और कहने का अधिकार है। बच्चों को विकास के एजेंडे और नीतिगत फैसलों के केंद्र में होना चाहिए। इसी तारतम्य में, उन्होंने राजनीतिक दलों से अपील करते हुए कहा कि, वे आगामी राज्य विधानसभा चुनावों के लिए अपनी पार्टी के घोषणा पत्र में बच्चों के एजेंडे को शामिल करें। मनोज भारती, राज्य सचिव सीसीआरओ ने कहा कि बाल घोषणापत्र तैयार करना एक बहुत बड़ी कवायद है, जिसमें हजारों बच्चों और माताओं ने भाग लिया। गौतम बंदोपाध्याय, सचिव, सीसीआरओ मध्य क्षेत्र, ने कहा कि, यह घोषणा पत्र छत्तीसगढ़ के बच्चों की आवाज को दर्शाता है और इसे पार्टी के




घोषणा पत्र में शामिल किया जाना चाहिए। बाल पारितोष दास, यूनिसेफ विशेषज्ञ ने घोषणा पत्र तैयार करने की प्रक्रिया का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि, बाल घोषणा पत्र भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, भारतीय जनता पार्टी, बहुजन समाज पार्टी, आम आदमी पार्टी और जोगी कांग्रेस सहित राज्य के सभी राजनीतिक दलों को प्रस्तुत किया जाएगा। रायपुर में एक विशेष कार्यक्रम में, बाल घोषणापत्र जारी किया गया, जिसमें प्रमुख रूप से बाल पारितोष दास, यूनिसेफ विशेषज्ञ और विभिन्न जिलो से आये 50 से अधिक सीसीआरओ सदस्यों और प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

# 4.69 लाख कीमत की शराब और नशीली दवा जब्त, दो आरोपी पकड़ाए

**सूरजपुर।** पुलिस महानिरीक्षक, सरगुजा रेंज अंकित गर्ग के निर्देशन तथा पुलिस अधीक्षक सूरजपुर आई कल्याण एलिसेला के मार्गदर्शन में आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर जिले की पुलिस के द्वारा अंतरराज्जीय सीमा सहित जिले के सभी बार्डर में 24 घंटे लगातार चेकिंग की कार्यवाही की जा रही है तथा सजग सूरजपुर अभियान भी चलाया जा रहा है।

इसी क्रम में 7 सितंबर के रात्रि में थाना रामानुजनगर पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम मंहगई में 1 पिकअप वाहन में अवैध शराब होने की जानकारी मिली थी। सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए पुलिस टीम मौके पर पहुंची। जहां पिकअप वाहन में भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब जप्त कर अपराध क्रमांक 159/23 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। जप्ती - (1) गोवा अंग्रेजी शराब 67 पेटी (3350 पाव), (2) ऑफिसर च्वाईस 2 पेटी (96 पाव) (3) मेगडावल नंबर 1 विस्की 3 पेटी (144 पाव) (4) केन बीयर माउस 5 पेटी (120 नग) कुल 77 पेटी अंग्रेजी शराब 706 लीटर 200 एमएल कुल कीमत 428980 रूपये तथा 1 नग पिकअप वाहन जप्त किया गया। आरोपी विकास जायसवाल पिता राजेन्द्र प्रसाद उम्र 33 वर्ष निवासी ग्राम मंहगई, थाना रामानुजनगर। वहीं दूसरे मामले में 7 सितंबर को मुखबीर से सूचना मिला कि 2 व्यक्ति मोटर सायकल में नशीली दवाई लेकर सूरजपुर से रामानुजनगर की ओर जा रहे है। जिन्हें घेराबंदी कर पकड़ा गया, मामले में आरोपियों के विरूद्ध अपराध क्रमांक 168/23 धारा 21(सी) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। (1) स्पास्मो टेबलेट 3040 नग (2) अल्प्राजोलम टेबलेट 60 नग जिसकी बाजारू कीमत 40300 रूपये है तथा 1 मोटर सायकल भी जप्त किया गया है। जागेष्वर साहू उर्फ पप्पू पिता फुलचंद साहू उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम भुवनेश्वरपुर, एक विधि विरूद्ध संघर्षरत् बालक कार्यवाही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शोभराज अग्रवाल व एसडीओपी प्रेमनगर एम्मानुएल लकड़ा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी रामानुजनगर प्रकाश राठौर, एसआई मनी प्रसाद राजवाड़े, एएसआई मनोज सिंह, माधव सिंह, आरक्षक महेन्द्र प्रताप सिंह, गणेष सिंह, अमलेश्वर सिंह, रूपदेव, धनंजय सिंह, कौशलेन्द्र सिंह, दीपक यादव, रामधारी सिंह सक्रिय रहे।



## नहर क्षतिग्रस्त, खेतों में पानी पहुंचाने किसान कर रहे श्रमदान

**लखनपुर।** चंदनई व्यपवर्तन परियोजना में अधूरा नहर निर्माण किसानों के लिए अभिशाप बना हुआ है। जगह- जगह नहर क्षतिग्रस्त होने के कारण कृषकों को धान की सिंचाई के लिए पानी नहीं मिल पा रहा है। जल संसाधन विभाग द्वारा नहर मरम्मत की राशि जहां उपयोग करना था वहां उपयोग ना करते हुए राशि से अन्यत्र स्थान में रिटर्निंग वाल का निर्माण करा दिया। कृषकों द्वारा पानी खेतों में पहुंचाने के लिए श्रमदान कर नहर के माध्यम से खेतों में पानी पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। लखनपुर विकासखंड के अंतर्गत जल संसाधन विभाग का कार्य हमेशा से विवादों में रहा है। चंदनई व्यपवर्तन परियोजना के तहत 19 से 20 करोड़ रुपये लागत से बांध और नहर का निर्माण कराया गया है। नहर निर्माण आधा -अधूरा किया गया था। यह निर्माण भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुका है। जब भी नहर में पानी छोड़ा जाता है। तब नहर के मेड़ टूट जाते हैं जिससे खेतों में सिंचाई हेतु पानी किसानों को उपलब्ध नहीं हो पाता और काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। आज दिनांक तक अधूरा नहर निर्माण देखा जा सकता है और उक्त नहर निर्माण में गुणवत्ता विहीन नहर निर्माण किया गया है।

# भारत जोड़ो यात्रा हुई जिले में, लोगों से किया गया संवाद

**मनेंद्रगढ़।** भारत जोड़ों यात्रा के प्रथम वर्षगांठ पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी मनेंद्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर के जिला अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव के नेतृत्व में मनेंद्रगढ़ में एक विशाल पैदल मार्च भगत सिंह सिंह चौक से राजीव गांधी चौक तक निकाला गया, साथ ही पैदल मार्च के समापन पर आम सभा को भी संबोधित किया गया, सभा के समाप्ति के बाद राजीव गांधी चौक के पास ही जिला कांग्रेस कार्यालय का उदघाटन भी किया गया। भारत जोड़ो यात्रा में कांग्रेसियों में भारी उत्साह और उमंग देखने को मिला हजारों की संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता भारत छोड़ो यात्रा में शमिल हुए।

## जिला अध्यक्ष, ब्लॉक अध्यक्ष विधायक सहित संघठन के सभी लोग हुए शामिल




जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव ने बताया कि देश के वर्तमान हालात में जब क्षेत्रियता, धर्म, सांप्रदायिकता के नाम पर देश की सत्ता में बैठे हुये लोग राजनीति कर रहे है वैसे में कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा देश के लोगों के सामने एक नई उम्मीद लेकर सामने आई थी। जब देश चलाने वाली दल सत्ताधीश और हुक्मरान आम आदमी की जरूरतों शिक्षा, रोजगार को परिदृश्य पीछे धकेल कर धार्मिक आधार पर ध्रुवीकरण की राजनीति को बढ़ावा दे रहे हो तब उस समय कांग्रेस जैसी जन सरोकारी वाली पार्टी का यह नैतिक और राजनैतिक कर्तव्य हो जाता है कि वह देश को बचाने देश की एकता और अखंडता को बचाने के लिये भारत जोड़ो जैसा महाअभियान चलाये भारत जोड़ो यात्रा का यही उद्देश्य था। भरतपुर सोनहत विधायक गुलाब कमरों ने कहा कि पिछले साल 7 सितंबर 2022 को हमारे नेता राहुल गांधी जी ने ऐतिहासिक भारत जोड़ो यात्रा शुरू की थी जो भारत के किसी भी राजनेता द्वारा अब तक की सबसे लंबी पदयात्रा है। 4,081 किलामीटर, 12 राज्यों और 2 केंद्र शासित प्रदेशों, 75 जिलों और 76 लोकसभा क्षेत्रों की 136 दिनों की यात्रा ने लोगों के मन पर एक अमिट छाप छोड़ी है। लाखों लोग प्रेम और एकता के साथ धर्म, समुदाय, जाति आदि की परवाह किए बिना हर भारतीय को एकजुट करने की राहुल जी की अटूट भावना से मंत्रमुग्ध थे। उनकी यह विचारशील पहल समय की मांग थी, जिसने मूल रूप से हमारे देश में राजनीति की दिशा बदल दी । विशेष रूप यात्रा के बाद कर्नाटक का चुनाव परिणाम, कांग्रेस पार्टी को सत्ता में वापस लाने की लोगों की सामूहिक इच्छा की एक उत्कृष्ट अभिव्यक्ति थी। मनेंद्रगढ़ विधानसभा के विधायक विनय जयसवाल ने कहा कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा देशवासियों के जख्मों पर मरहम थी। जिन राज्यों से यह यात्रा गुजरी वहां के नागरिकों ने महंगाई, बेरोजगारी, भुखमरी, किसानों की बदहाली जैसे मुद्दो पर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष के द्वारा चलाई जा रही मुहिम को पूरा समर्थन दिया। लोग राहुल गांधी से मिलने के लिये उतावले रहते थे। हजारो लोग पैदल चलते तथा रास्ते में, घरों की छत पर खड़े होकर स्वागत करने को तत्पर रहते थे। यह राहुल गांधी और कांग्रेस के प्रति लोगों के प्यार और समर्पण की अभिव्यक्ति थी। जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता सौरव मिश्रा ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा के दौरान, देशभर में राहुल जी ने 100 से अधिक बैठक समूह बातचीत, 275 योजनाबद्ध पैदल बातचीत, 100 छोटी सभाएं, 13 विशाल सार्वजनिक सभाएं, 12 प्रेस कांफ्रेंस और अनगिनत आम बैठकों के माध्यम से हमारे करोड़ों साथी देशवासियों के साथ अपने विचारों का आदान-प्रदान और साझा किया था । यात्रा ने देश के ज्वलंत मुद्दों को संबोधित किया, जिनमें कमरतोड़ महंगाई, अभूतपूर्व बेरोजगारी, 1 भाईचारा, विभाजनकारी राजनीति, चीनी आक्रमकता से राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरा शामिल है। भारत के विचार को बचाने के लिए राहुल जी का धैर्य और दृढ़ संकल्प भाजपा को बेचैन कर रहा है और लोकतंत्र की भावना को बहाल कर रहा है। हमारा दृढ़ विश्वास है कि यात्रा का यह प्रभाव आगामी सभी राज्य स्तरीय और केंद्र चुनावों पर अपना प्रभाव जावेगा और हमारी सबसे पुरानी कांग्रेस पार्टी के गौरव को बहाल करने का मार्ग प्रश:त होगा। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता रमेश सिंह और नगर पालिक अध्यक्ष प्रभा पटेल ने भी इस यात्रा के संबध में बताया कि राहुल गांधी जी ने भारत जोड़ो यात्रा से देश के आम आदमी की समस्याओं को आवाज दिया है। देश में बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, किसानों की समस्या, सामाजिक वैमनस्यता के खिलाफ देश की जनता में जनजागरण पैदा किया। भारत जोड़ो यात्रा कन्याकुमारी से लेकर कश्मीर तक भारत के जनमन में रच बस गयी है। सारा भारत अपनी तकलीफों के निदान को लेकर एकजुट हो गया है। भारत जोड़ो यात्रा देश के लोगो मे उम्मीद की नई किरण पैदा हुई है। राहुल गांधी प्रेम उम्मीद और सद्भावना के नये बीज बोते चल रहे थे। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश शर्मा और राजेश साहु ने भी इस यात्रा के ऐतिहासिक बताते हुआ कहा कि देश की जनता राहुल गांधी की पदयात्रा को हाथों हाथ लिया था। राहुल गांधी की पदयात्रा से विघटनकारी ताकतों के हौसले पस्त हुए है। देश के एकता के मूल लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत है कि अराजक तत्व भारत की अनेकता में मंत्र के सामने घुटने टेकने को विवश हुए है। यह राहुल गांधी की यात्रा की बड़ी सफलता है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुभाष कश्यप और मनोज साहू कहते है कि देश की एकता, अखण्डता, संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए कांग्रेस प्रतिबद्ध है । जनाधिकार की लड़ाई लड़ने के लिए कांग्रेस पार्टी आजादी के पहले से ही सत्याग्रह को एक मजबूत हथियार मानती है और भारत जोड़ो पदयात्रा आजादी के बाद देश का सबसे विशाल और परिवर्तक सत्याग्रह साबित हुआ । ब्लॉक कांग्रेस जनकपुर के अध्यक्ष रवि प्रताप और कोटाडोल के अध्यक्ष मानिकपुरी ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी सहित कांग्रेस पार्टी के कई नेताओं ने देश में सत्याग्रह के द्वारा जनता के महत्वपूर्ण मसलों को हल किया है। यह सत्याग्रह उस विचारधारा को उखाड़ फेंकेगा जो मृत्यु के समय भी राम का नाम लेने वाले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के हत्यारे को आदर्श मानता है। आज बर्बादी और वैमनस्यता की ओर बढ़ते देश को भारत जोड़ो पदयात्रा की जरूरत है। कई वरिष्ठ नेताओं ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा का ही परिणाम है कि देश में नफरत के भाव खत्म हुए हैं मॉब लॉन्चिंग जैसी घटनाएं रुकी है। रसोई गैस के दाम कम करने मजबूर हुई। किसान, युवा, माता-बहनें, पत्रकार मोदी सरकार के जनविरोधी नीतियों के खिलाफ सीना ठोकर कर खड़े हुए है। डर, भय का वातावरण खत्म हुआ है। जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित भारत जोड़ो यात्रा में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव भरतपुर सोनहत के विधायक गुलाब कमरों, मनेंद्रगढ़ विधानसभा के विधायक विनय जायसवाल ,ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश शर्मा, राजेश साहू, मनोज साहू, रवि प्रताप सिंह, सुभाष कश्यप, मानिकपुरी नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष प्रभा पटेल, नगर पंचायत के अध्यक्ष रजनीश पांडे, युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष हाफिज मेमन, एन एस यू आई के जिला अध्यक्ष कासिम अंसारी, महिला कांग्रेस के जिला अध्यक्ष नीता भट्टाचार्य, अल्पशंख्यक कांग्रेस के जिला अध्यक्ष वीरू खान, सेवा दल के जिला अध्यक्ष राणा सिंह , आदिवासी कांग्रेस के जिला अध्यक्ष युधिस्ठिर कमरों, पुर्व महापौर डमरू रेड्डी, पार्षद एल्डरमैन सहित जिले के सभी वरिष्ठ एवम युवा कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित रहें।


छत्तीसगढ़ शासन
सर से उतरा कर्ज का बोझ
खेती-किसानी को मिली नई रफ्तार...
छत्तीसगढ़ महतारी
17.82 लाख
किसानों को 9270 करोड़ रुपए
का कृषि ऋण माफ
325 करोड़
रुपए सिंचाई कर माफ
श्री भूपेश बघेल
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़
S-36779/66
छत्तीसगढ़ सरकार
भरोसे की सरकार
Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprCg.gov.in
जनसम्पर्क

## 15 अगस्त को लापता हुई विवाहिता मिली मौसी घर छुरी में



**कोरबा।** 15 अगस्त को अपने पति से लड़ाई-झगड़ा करने के बाद अचानक रहस्यमय ढंग से लापता हुई विवाहिता अंततः मुंहबोली मौसी के घर छुरी में मिली। जानकारी होने पर उसे पुलिस ने दस्तेयाब कर लिया।

मिली जानकारी के अनुसार पाली थाने की चैतमा पुलिस चौकी क्षेत्रांतर्गत गोपालपुर चैतमा निवासी शिवनारायण गोंड़ उम्र 30 ने अनिता धनुहार उम्र 30 के साथ पांच वर्ष पूर्व प्रेम विवाह किया था। विवाह के बाद अनिता अपने मायका खर्रीपारा गोपालपुर आना-जाना बंद कर दी थी। क्योंकि उसके द्वारा प्रेम विवाह किये जाने से मायके पक्ष के लोग नाराज रहते थे। यहां अपने पति शिवचरण गोंड़ के साथ रह रही थी लेकिन इन दोनों के मध्य पति द्वारा मदिरापान करने तथा काम धंधे में ध्यान नहीं देने के कारण अक्सर लड़ाई-झगड़े होते रहते थे।

बताया जाता है कि विगत 15 अगस्त को दोनों के मध्य विवाद हुआ। जिसके कारण एक ओर शिवनारायण अपने दोस्तों के यहां मौज मस्ती मनाने के लिए निकला तो दूसरी ओर उसकी पत्नी अनिता बिना कुछ बताए अचानक रहस्यमय ढंग से लापता हो गई। उधर जब उसके संबंध में देर रात तक कोई जानकारी नहीं मिली तो अगले दिन 16 अगस्त को दिन भर उसकी खोजबीन करने के बाद शिवनारायण गोंड़ ने चैतमा पुलिस चौकी पहुंचकर अपनी पत्नी अनिता के लापता होने की रिपोर्ट गुम इंसान क्रमांक 40/23 के तहत दर्ज करा दी। इधर एक ओर जहां चैतमा पुलिस उसे तलाश रही थी वहीं दूसरी ओर उसका पति भी उसकी तलाश कर रहा था। इसी बीच छुरी गोपालपुर निवासी अनिता की मुंहबोली मौसी रेखा बाई महंत ने शिवनारायण को सूचना दी कि अनिता उसके यहां इन दिनों रह रही है। जिसके बाद शिवनारायण गोंड़ चैतमा चौकी प्रभारी सुरेश जोगी को जानकारी देकर चौकी के एएसआई लक्ष्मी प्रसाद रात्रे के साथ छुरी से लाकर उसका बयान दर्ज करा दिया। पुलिस ने समझाईश देकर दंपत्ति को वापस उनके घर रवाना कर उक्त मामले में दस्तेयाब कर लिया।

# पुलिस चौकी के पास यात्री बस दुर्घटनाग्रस्त, 24 घायल

कोरबा। रायपुर जा रही एक निजी ट्रेवलिंग कंपनी की यात्री बस आज सुबह अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। 3 यात्रियों को गंभीर चोट आने पर मेडिकल कालेज हास्पिटल में भर्ती कराया गया है, जबकि 24 यात्रियों को सामान्य चोट आने पर प्राथमिक चिकित्सा के साथ छूट्टी दे दी गई। घटना को लेकर माना जा रहा है कि रात्रि में चालक को झपकी आने के चक्कर में यह सब हुआ।

आज सुबह 3.30 बजे यह हादसा जिला मुख्यालय कोरबा से 24 किमी दूर कनकी-बलौदा मार्ग पर हुआ। अंबिकापुर से यात्रियों को लेकर राधेकृष्ण ट्रेवल्स की बस संख्या सीजी-14-1154 रायपुर जा रही थी। बस में लगभग 50 यात्री सवार थे। सब हाईवे पर आवाजाही के दौरान यात्री बस कोरबा जिले की सीमा से पार हुई। जांजगीर-चांपा जिले



की सीमा में प्रवेश करने के कुछ दूर आगे पंतोरा पहुंचकर वह बेकाबू होकर सड़क किनारे लगे सेफ्टी वाल से जा भिड़ी। पंतोरा पुलिस चौकी के नजदीक एक स्थान पर यह हादसा हुआ। प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि बस के बीच का हिस्सा वाल में जा घुसा। इससे तकनीकी समस्या पेश आई और बस मौके पर बंद हो गयी। हादसे के दौरान बस के अपर स्लिपर पर सो रहे 3 यात्री गंभीर रूप से जख्मी हो गये। जबकि 24 यात्रियों को सामान्य या इससे अधिक चोटे आई। हादसे से यहां चीख-पुकार की स्थिति मच गई। चौकी इंचार्ज महेश्वर सिंह कंवर और स्टाफ ने फौरीतौर पर कोशिश करते हुए मेडिकल मोबाईल युनिट को यहां बुलवाया। बताया गया कि गंभीर रूप से घायल यात्रियों को मेडिकल कालेज भेज दिया गया। जबकि सामान्य पीड़ितों को प्राथमिक चिकित्सा देने के बाद छुट्टी दे दी गई।

### रौंदी 15 ग्रामीणों की फसल

## डीलाडेरा में डेरा डालने के बाद गजदल पहुंचा बासीन



**कोरबा।** वनमंडल कोरबा के पसरखेत एवं कुदमुरा रेंज में हाथियों का आतंक लगातार कायम है। यहां पर पसरखेत रेंज में एक दर्जन के लगभग हाथी सक्रिय है वहीं एक दंतैल कुदमुरा रेंज में उत्पात मचाकर ग्रामीणों के साथ-साथ वन विभाग के लिए चुनौती बना हुआ है।

पसरखेत रेंज के फुलसरी बीट के डीलाडेरा जंगल में दो दिनों तक डेरा डालने के बाद हाथियों का 12 सदस्यीय दल बीती रात आगे बढ़कर बासीन गांव पहुंच गया और यहां पहुंचते ही उत्पात मचाना शुरू कर दिया। इस दौरान हाथियों ने ग्रामीणों के खेतों में पहुंचकर 15 से अधिक ग्रामीणों के धान की फसल को तहस-नहस कर दिया। हाथियों का उत्पात यहां कई घंटे तक चला। सुबह होने से पहले हाथी खेतों में फसल को रौंदने के बाद जंगल चले गए और यहां विश्राम करने लगे। वन विभाग का अमला हाथियों की निगरानी में जुट गया है वहीं आसपास के गांवों में वन विभाग की ओर से मुनादी कराई जा रही है और ग्रामीणों से कहा जा रहा है कि बड़ी संख्या में हाथियों ने क्षेत्र में दस्तक दे दी है अतः दूरी बनाए रखें। कुदमुरा रेंज के कलमीटिकरा में मौजूद लोनर हाथी ने भी जमकर उत्पात मचाया है। इस दौरान जंगल से निकलकर हाथी ग्रामीणों के खेतों में पहुंचा और वहां लगे धान की फसल को रौंदकर उनकी मेहनतों पर पानी फेर दिया। कोरबा वनमंडल के दो रेंज में हाथियों के आतंक से ग्रामीण काफी भयभीत हैं। उनके द्वारा सुरक्षा की गुहार वन विभाग तथा प्रशासन से लगाई जा रही है। इधर कटघोरा वनमंडल के केंदई रेंज में अभी भी 39 हाथी घूम रहे हैं। हाथियों के इस दल ने पसान रेंज के पनगंवा व बनिया में पहुंचकर उत्पात मचाते हुए ग्रामीणों की फसल को मटियामेट कर दिया है। उसके बाद केंदई के सिरमिना सर्किल अंतर्गत साल्ही पहाड़ में चढ़ गए।

## 11 घंटे बंद रहेगा सर्वमंगला रेल फाटक

**कोरबा।** कोयलांचल में आवागमन से जुड़ी हुई समस्याएं दूर होने का नाम नहीं ले रही है। फोर लेन के चक्कर में लोग पहले से ही परेशान है। इसके बीच इमलीछापर कुसमुण्डा में शुक्रवार को 8 घंटे से ज्यादा समय तक रेल फाटक बंद रहने से जाम की स्थिति निर्मित रही। अब रेलवे ने 10 सितंबर को सर्वमंगला समपार फाटक को सुबह 10 से रात्रि 9 बजे तक के लिए बंद करना तय किया है।

वरिष्ठ सेक्शन इंजीनियर रेलवे के द्वारा इस बारे में क्षेत्रिय अधिकारी सहित पुलिस को अवगत कराया गया है। सूचना में कहा गया है कि अति आवश्यक कार्य के लिए सर्वमंगला फाटक संख्या सीजी 30 को रविवार के दिन बंद रखा जायेगा। इस दौरान यातायात अवरूद्ध रहेगा। लोगों को विकल्प दिया गया है कि छोटे वाहन टू-व्हीलर, फोर-व्हीलर सर्वमंगला गेट के पास से निर्मित पुल के पास से आवाजाही कर सकेंगे। याद रहे 8 सितंबर को कई घंटे के लिए रेलवे ने इमली छापर कुसमुण्डा फाटक को बंद कर दिया था, जिससे आवाजाही बाधित होने पर पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी।

## आवासों की समस्या पर होगी चर्चा

**कोरबा।** आज गेवरा एरिया में हाउसिंग कमेटी की बैठक रखी गई है। इस बैठक में आवास समस्या पर चर्चा करते हुए नाम एलाट किये जायेंगे। कोयला कामगारों का लगातार गेवरा स्थानांतरण हो रहा है। जिसके चलते यहां पर आवास की समस्या बनी हुई है।

# गौरव पथ पर बवाल, चर्चा में किसके पक्ष में होगा निर्णय

**कोरबा/दीपका।** पूर्ववर्ती भाजपा सरकार के कार्यकाल में एक करोड़ की लागत से कोयलांचल दीपका के अंतर्गत नगर पालिका क्षेत्र में तैयार किये गए गौरव पथ की बदहाल स्थिति को देखकर ऐसा बिल्कुल नहीं लगता कि इस पर गर्व करने लायक कोई विषय भी है। एसईसीएल की खदान से कोयला लेकर निकलने वाले वाहनों ने इसकी दुर्गति कर रखी है। चौतरफा दबाव बनने के बाद नगर पालिका ने इस पर भारी वाहनों की रोकथाम के लिए सामान्य सभा में चर्चा करने की मानसिकता पहली बार बनाई है। अभी से अटकलें लगाई जा रही है कि फैसला परिवहनकर्ताओं के लिए राहत देने वाला होगा या फिर जनता के लिए।

कोयलांचल दीपका में गौरव पथ पर बनी हुई आवाजाही से संबंधित समस्याओ के कारण आम लोग परेशान हैं। इससे छुटकारा पाने के लिए गौरव पथ संघर्ष समिति बनाई गई। एक व्यक्ति की मौत के बाद यहां लोगों ने अनशन शुरू किया। लोगों के तेवर के बाद प्रशासन बैकफुट पर आ गया। आखिरकार तय किया गया कि अगली व्यवस्था तक गौरव पथ पर हर दिन सुबह और शाम तीन-तीन घंटे



भारी वाहनों का परिचालन बाधित रहेगा।

नगर पालिका दीपका के गौरव पर चल रहे कोयला परिवहन के ट्रैकों को लेकर आज विगत 25 दिनों तक प्रदर्शन किया गया। इस बीच संघर्ष समिति के द्वारा नगर पालिका को नगर पालिका के 17 पार्षदों का समर्थन जुटा लिया गया। नगर पालिका को सामान्य सभा की बैठक बुलाने एवं एजेंडा में गौरव पथ की समस्या को सामने रखते हुए चर्चा करने के लिए बिंदु को शामिल किया है।

### गौरवपथ सहित चार मुद्दों पर होगी चर्चा

नगर पालिका परिषद दीपका की सामान्य सभा की बैठक 13 सितंबर को दोपहर 2 बजे सभाकक्ष में रखी गई है। इस बारे में पीआईसी और सभी पार्षदों को सूचना उपलब्ध कराई गई है। सीएमओ द्वारा जारी सूचना में कहा गया है कि सामान्य सभा में गौरवपथ पर भारी वाहनों के आवागमन पर रोक, 15वें वित्त आयोग से निर्माण कार्यों, पूर्ववर्ती पीआईसी बैठक की जानकारी और राष्ट्रीय पेंशन योजनाओं से प्राप्त आवेदनों की स्वीकृति पर चर्चा होगी।

## राष्ट्रीय नेता रामप्रताप लेंगे बैठक

**कोरबा।** भाजपा के राष्ट्रीय नेता रामप्रताप का आज कोरबा आगमन हो रहा है। वे कटघोरा में आयोजित बैठक में शामिल होंगे। कटघोरा विधानसभा कोरग्रुप की बैठक में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रायगढ़ आगमन के विषय पर चर्चा करेंगे। इस बैठक में चुलेश्वर राठौर, हरिश थरवानी, अरुणीश तिवारी, नरेश टण्डन, सूर्यप्रकाश शर्मा, राजू प्रजापति, सुनीता पाटले, राजेंद्र टण्डन, लक्ष्मीकांत जगत, मनीष मिश्रा सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे। इसी तरह आज भाजपा के नेता अजय जामवाल का भी कोरबा आगमन हुआ है। वे भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं की बैठक ले रहे है। इस बैठक में पूर्व विधायक लखनलाल देवांगन, पूर्व महापौर जोगेश लांबा, विकास महतो, अशोक चावलानी, वैशाली रत्नपारखी, सरजू अजय सहित मण्डल के अध्यक्ष मौजूद रहेंगे। दुर्ग के सांसद विजय बघेल का भी कल अचानक कटघोरा पहुंचने पर उनका कार्यकर्ताओं के द्वारा जोरदार स्वागत किया गया।

## 30 शिक्षकों को मिलेगा सम्मान

**कोरबा।** साक्षी सेवा समिति द्वारा 10 सितंबर को घंटाघर सियान सदन में आयोजित किया जाएगा। इसमें मुख्य अतिथि राजकिशोर प्रसाद महापौर नगर पालिक निगम कोरबा रहेंगे।

विशिष्ट अतिथि आर के डहरिया , डाईट प्राचार्य रामहरि सराफ, अनिता ओहरी, मंजू तिवारी, श्रीमती विनीता दास, धरम लहरे राज्यपाल पुरस्कृत रहेंगे। प्रांताध्यक्ष श्रीमती कौशिल्या खुराना ने कहा कि शिक्षा, साहित्य एवं कला के क्षेत्र में विशेष योगदान देने वाले लगभग 30 शिक्षकों को उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान 2023 से नवाजा जाएगा। साथ ही पहली बार कृपाराम निराला स्मृति सम्मान 2023 कक्षा 12 वीं के बच्चों को प्रदान किया जायेगा। राधेश्याम तिवारी स्मृति सम्मान 2023 कक्षा 10 वीं के बच्चों को प्रदान किया जायेगा। समाज में विशेष कार्य करने वाली महिलाओं को श्रीमती तिहारिन बाई निराला स्मृति सम्मान 2023 प्रदान किया जायेगा। संस्था की संस्थापक ने शिक्षकों एवं बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की हैं।

## महासंघ उपाध्यक्ष का कोरबा दौरा

**कोरबा।** बिजली कर्मचारी महासंघ के प्रदेश उपाध्यक्ष सब्बीर मेमन आज जांजगीर पहुंचकर कार्यकर्ताओं की बैठक लेंगे। विद्युत संयंत्रों में इन दिनों जनजागरण अभियान चलाया जा रहा है। जांजगीर में उनका राघवेंद्र राठौर, हरीश राठौर के नेतृत्व में स्वागत किया जायेगा। जबकि कल कोरबा विद्युत मंडल पूर्व में एक आमसभा आयोजित करते हुए जनजागरण अभियान चलाया गया। इस दौरान राष्ट्रीय सचिव राधेश्याम जायसवाल, नवरतन बरेठ, यशवंत राठौर, पूर्णिमा साहू, सलील शर्मा सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।


ओम श्रीहरि
प्लाट बेचना है
कोरबा के किसी भी लोकेशन में रजिस्ट्री-डायवर्सन/जमीन/मकान बेजा कब्जा घर खरीदी/बिक्री के लिए
संपर्क करें
62681-46606


## हर्षोल्लास के साथ मनाई जाएगी सक्ती जिले के गठन की पहली वर्षगांठ

**सक्ती।** जिले की प्रथम कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना के निर्देशन में नवगठित सक्ती जिले की स्थापना को एक साल पूरा होने के अवसर पर कलेक्ट्रेट कार्यालय सक्ती के निकट स्थित मैदान में 11 सितंबर को विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन के साथ भव्य समारोह आयोजित किया जाएगा।

कलेक्टर श्रीमती पन्ना ने नवीन सक्ती जिले के प्रथम वर्षगाठ समारोह का भव्य आयोजन करने मंच एवं स्टॉल व्यवस्था के लिए कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग एवं ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग को, साज सज्जा और गुब्बारे की व्यवस्था के लिए उद्यानिकी विभाग तथा जिला उद्योग एवं व्यपार केन्द्र सक्ती को, बैठक व्यवस्था के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सक्ती के मार्गदर्शन में तहसीलदार और नायब तहसीलदार को, विद्युत व्यवस्था के लिए कार्यपालन अभियंता छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण विभाग सक्ती को, रंगोली के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग को, जिले के विभिन्न विभाग अंतर्गत जिला गठन से अब तक 1 वर्ष की अवधि में विभागो की विशेष उपलब्धियों की प्रदर्शनी के लिए कृषि विभाग, उद्यानिकी विभाग, पशुधन विकास, मत्स्य पालन, महिला एवं बाल विकास विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, आयुष विभाग जल संसाधन विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग सहित अन्य विभाग को, सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं से समन्वय कर प्रस्तुतिकरण तथा सम्मान समारोह के लिए जिला शिक्षा अधिकारी सक्ती को, ध्वनि विस्तारक यंत्र के लिए कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग, विद्युत-यांत्रिकी को, पेयजल की व्यवस्था के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग व मुख्य नगर पालिका अधिकारी को, सत्कार व्यवस्था के लिए खनिज विभाग व आबकारी विभाग को, अंतरजातीय विवाह प्रोत्साहन योजना अंतर्गत प्रोत्साहन राशि स्वीकृति आदेश वितरण की समुचित व्यवस्था के लिए सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग सक्ती सहित अन्य विविध आयोजन के लिए सभी संबंधित विभागों को व्यवस्थाए सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

## अवैध शराब बेचते चार पकड़ाए

**कोरबा।** सिटी कोतवाली पुलिस ने अवैध रूप से शराब बिक्री कर रहे चार आरोपियों को पकड़कर उनके विरूद्ध आबकारी एक्ट के अलावा धारा 107, 16 की प्रतिबंधात्मक कार्रवाई भी आज कर दी। मिली जानकारी के अनुसार सिटी कोतवाली क्षेत्रांतर्गत अलग-अलग क्षेत्रों में अवैध रूप से चार लोगों के शराब बिक्री किये जाने की सूचना मुखबिर से मिली। जिसके बाद टीआई रूपक शर्मा के मार्गदर्शन में एएसआई अजय सिंह ने हमराह स्टाफ के साथ दबिश देकर सीतामणी निवासी संस्कार अग्रवाल से 16 पाव, राताखार निवासी रामनरेश प्रजापति से 19 पाव, मोतीसागरपारा निवासी गोविंद नायक से 16 पाव तथा मोतसागरपारा निवासी मन्नू सागर से साढ़े तीन लीटर महुआ शराब जब्त कर लिया।

# राधा-कृष्ण के स्वरूप में बच्चों ने दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध

**कोरबा।** रोटरी क्लब ऑफ पावरसिटी जमनीपाली के द्वारा पहली बार दर्री जमनीपाली क्षेत्र के बच्चो के लिए कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें तीन केटेगरी में कृष्ण राधा बनो प्रतियोगिता रखा गया।

इस प्रतियोगिता में छोटे-छोटे बच्चों ने राधा कृष्ण का वेशभूषा धारण कर कार्यक्रम में भाग लिया और अपनी प्रतिभा दिखाई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सुरेश अग्रवाल (प्रगति केमिकल) विशिष्ट अतिथि दशरथ शर्मा एवं विशिष्ट अतिथि डी डी अग्रवाल उपस्थित थे। जज में श्रीमती शशि देशमुख एवं श्रीमती ज्योति शर्मा थी। इस प्रतियोगिता में बच्चों ने कृष्ण एवं राधा की वेशभूषा पहनकर आकर्षक नजर आ रहे थे। जजों ने कहा कि हमें निर्णय लेना बहुत मुश्किल हो रहा है। इन तीनों केटेगरी में पहले केटेगरी में प्रथम मिशिका गुप्ता,



द्वितीय कविश अग्रवाल, तृतीय खुशी अग्रवाल, दूसरी केटेगरी में प्रथम शिवांश पांडे, द्वितीय अनाया साहू , तृतीया स्वरा अग्रवाल और तीसरे केटेगरी में प्रथम रुद्राक्ष पांडे, द्वितीय मान्या अग्रवाल, तृतीय स्थान में आराध्या शर्मा आई। इस अवसर पर अध्यक्ष डॉ आर सुनहरे, उपाध्यक्ष उमा देवी अग्रवाल सह सचिव मंजूषा नायर, सत्यभामा अग्रवाल, मुश्ताक, बैजनाथ अग्रवाल, संदीप शर्मा, मुस्कान सोनी, जयशंकर गुप्ता, आर के पांडेय, अशोक यादव, नारायण ब्रम्हा, नेहा पांडे, मंजू सोनी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सचिव संदीप शर्मा ने किया।






स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com